Student ADVISOR®
A different way of learning ...
Excellent Series

# English Reader

# TEACHERS' Manual

## (Class 1 to 5)

*Published & Printed by :*

**Student Advisor Publications Pvt. Ltd.**

D-16, Industrial Area, Mathura-281004

☎ : Off. 7251835835, 7251836836

Visit us at : www.studentadvisorbooks.in

e-mail : studentadvisorpublications@gmail.com

info@studentadvisorbooks.in

Follow us on facebook

www.facebook.com/studentadvisorpublications

© Publishers

## Lesson-1 — My Family (मेरा परिवार)



हेलो, मेरा नाम सान्या है।
मैं आपको अपने परिवार का परिचय देती हूँ।



यह मेरा छोटा भाई है।
इसका नाम सोबो है।



यह मेरा कुत्ता चार्ली है।




यह मेरे पिताजी, अर्पित हैं।
वह एक डॉक्टर हैं।




यह मेरी माँ, किरन हैं।
वह एक गृहणी हैं।


(Page-5)



देखो! ये मेरे दादा जी रामलाल और
मेरी दादी माँ राधा हैं।



(ये) सुमन और प्रीति मेरी
चचेरी बहिनें हैं।



मेरे तीन चाचाजी, (ताऊ जी) हैं और चाची
(ताई) हैं मेरा (पूरा) परिवार सभी कार्यों में
सहयोग करता है। हम सभी एक दूसरे
की सहायता करते हैं

(Page-6)



मेरा परिवार
हम सबका एक परिवार होता है
कुछ (परिवार) बड़े होते हैं (हो सकते हैं)
कुछ (परिवार) छोटे होते हैं (हो सकते हैं)
मेरा परिवार मेरे लिए बहुत अच्छा है।
मैं अपने परिवार से प्यार करता (करती) हूँ।

**Difficult words —** Introduce = परिचय देना, home maker = गृहिणी, twins = जुड़वाँ बच्चे।

**Answers :**

**A. Tick the sentences that are correct and cross if incorrect.**

Tick- 1, 5

Cross- 2, 3, 4

**B. Match the people with the work they do.**

1. A pilot flies plane.
2. A doctor treats sick people.
3. A postman delivers us letters.
4. A teacher teaches in school.
5. A sweeper cleans roads.

**C. Fill in the blanks with the correct word.**

1- dog, 2- brother, 3- cousins, 4- loves, homemaker

E. Spell it right

**Fill in the missing letters to complete the words**

1- cake, 2- brush, 3- stars, 4- lunch

**Let's Write and Activity**

Students are requested to perform these activities themselves.

## Lesson-2 Planting (वृक्षारोपण)

**I took ......................................................................................................... grow. (Page-13)**

एक दिन मैंने एक छोटा-सा बीज लिया लगभग एक महीने पहले।
मैंने इसे मिट्टी से भरे एक बर्तन (गमले) में डाल (बो) दिया और आशा की कि (एक दिन) वह उगेगा।

**I poured ............................................................................................... light. (Page-13)**

मैंने (उस पर) थोड़ा सा पानी डाला (उड़ेला) मिट्टी को उचित (नम) बनाने के लिए।
मैंने बर्तन (गमले) को खिड़की के पत्थर पर रख दिया जहाँ सूरज इसे प्रकाश प्रदान कर सके।

**I checked ............................................................................................... so nice. (Page-13)**

मैंने प्रतिदिन पौधे (गमले) का निरीक्षण किया और एक-दो बार उसे इधर-उधर घुमाया।
थोड़ी सी देखभाल और पानी (देने) से मैंने इसे अच्छी प्रकार से उगने में सहयोग किया।

**Difficult words —** Poured = डाला, उड़ेला, sill = खिड़की आदि की देहली।

**Answers :**

**Activity Page 13**

**Make a list of 5 plants that you find in your house**

1. Rose, 2. Coriander, 3, Holy Basil, 4. Fenugreek, 5. Marigold

**B and C**

Students are requested to perform these activities themselves.

## Lesson-3 Little Helping Raveena (सहायता करने वाली छोटी सी बच्ची रवीना)

**Raveena ........................................................................................................ chart. (Page-15)**

रवीना एक छोटी सी सुन्दर लड़की है।
वह कक्षा एक में पढ़ती है।
वह हर काम स्वयं करती है।
आज शनिवार है, उसकी विज्ञान की कक्षा है।
अध्यापिका जानवरों के बारे में बताना चाहती हैं।
वह अपने विद्यार्थियों को दिखाने के लिए जानवरों का चार्ट लेकर आती हैं।
रवीना चार्ट को टाँगने में अध्यापिका की सहायता करती है।

**In the evening ............................................................................................ clothes. (Page-16)**

शाम को रवीना अपनी मित्र (सहेली) के घर जाने की योजना बनाती है।
रवीना अपनी सहेली के साथ खेलने से बहुत प्रसन्न है।
वह खिलौनों को खिलौनों के डिब्बे में रखने में उसकी (अपनी सहेली की) सहायता करती है।
रवीना की माँ के लिए शनिवार कपड़े धोने का दिन है।
वह (रवीना) कपड़े (सुखाने के लिए) फैलाने में हमेशा अपनी माँ की सहायता करती है।

**On Sunday ......................................................................................... help others. (Page-16)**

रविवार के दिन रवीना बहुत व्यस्त है।
वह अपनी माँ की सहायता से प्रात:काल का भोजन (नाश्ता) तैयार करती है।
अरे! इसका स्वाद तो बहुत अच्छा है। रवीना बहुत उत्तेजित (खुश) है।
शाम को वह बगीचे में अपने पिताजी की सहायता करती है।
रवीना बहुत प्रसन्नता का अनुभव करती है क्योंकि वह अपने सभी समीपवर्ती तथा प्रिय लोगों (परिवारजनों, मित्रों, पड़ोसियों, आदि) की सहायता करने योग्य है। क्या आप भी अन्य सभी की सहायता करते हो?

| **Difficult words —**pretty = सुन्दर, spread = फैलाना, yummy = स्वादिष्ट। |
|---|

**Answers :**

**A. Tick the sentences that are correct and cross those that are incorrect**

Tick- 1, 2, 3
Cross- 4

**B. Fill in the blanks with the correct word from the box**

1- father, 2- herself, 3- pretty, 4- happy

**D. Answer the following questions**

1. Raveena is a pretty young girl who studies in class one.
2. In Science class, Raveena helps her teacher to hang the animal chart.
3. In the evening, Raveena helps her father in the garden.
4. Saturday is washing day for Raveena's mother and Raveena helps her mother in spreading the clothes.
5. We help others by whatever ways we can.

**Grammar**

**Choose an adjective to complete each sentence.**

1- five new, 2- beautiful, 3- brave, 4- happy

**Let's Write**

Students are requested to perform this activity themselves.

**Listening and Speaking**

**A. Listen to your teacher and circle the right word to complete the sentence**

1. Wednesday comes after Tuesday.
2. Sunday is the first day of the week.
3. Saturday is the last day of the week.
4. Friday comes between Thursday and Saturday.

## Lesson-4 Meet the Pirates (समुद्री डाकुओं से मिलो)

**Aboard .................................................................................. can be! (Page-21)**

समुद्र के मध्य में एक चट्टान के पास समुद्री डाकुओं का एक पानी का जहाज है
जिस पर अजीब (मजेदार, हास्यास्पद) समुद्री डाकुओं का एक समूह विद्यमान है
जो यथा संभव बेकार (व्यर्थ) है।

**There is ......................................................... to meet. (Page-21)**

यह समुद्री डाकू 'जिम' है
जो तैर नहीं सकता है।
यह (समुद्री डाकू) 'डैव' है
जिसे (समुद्र की) तरंगों से भय लगता है।

यह समुद्री डाकू 'निक' है
जो समुद्र (को देखने) से बीमार हो जाता है।
यह समुद्री डाकू 'डैल' है
जो नाव नहीं चला सकता है।
(या पानी पर यात्रा नहीं कर सकता है)

और (यह) समुद्री डाकू 'पीट' है
जिसके पैरों से दुर्गन्ध आती है।
यही वह बेकार समुद्री डाकुओं का समूह है
जिससे तुम जब चाहो मिल सकते हो।

**Difficult words —**Aboard = पानी का जहाज, pirate = समुद्री डाकू, scared = भयभीत, sail = समुद्री यात्रा करना, bunch = समूह।

**Answers :**

**Activity**

**Fruits-** Apple, Orange, Strawberries, Banana, Grapes

**Vegetables-** Brinjal, Lady's finger, Potato, Cabbage, Peas

## Lesson-5 The Tortoise and The Hare (कछुआ और खरगोश)

**Once ................................................................................... was dizzy. (Page-23)**

एक समय की बात है कि आपके घर से बहुत दूर नहीं (बल्कि समीप ही) एक जगह पर एक ऊर्जावान और प्रसन्न खरगोश तथा एक सोया हुआ सा (सुस्त सा) कछुआ रहता था।

प्रसन्न खरगोश का नाम किम तथा सुस्त कछुआ का नाम बेन था। कछुआ बेन आराम से बैठना और धीरे-धीरे अपने भोजन को चबाना पसन्द करता था; जबकि खरगोश किम अपने भोजन को जल्दी से निगलता तथा बेन के चारों ओर तब तक चक्कर काटता (दौड़ता) जब तक कि उसे चक्कर न आने लगे।

**One day .................................................................................................. a sticky end. (Page-23)**

एक दिन उनमें वाद-विवाद हो गया .............

"मैं सम्पूर्ण विस्तृत संसार (whole world wide) में सबसे तेज गति से चलने वाला (कार्य करने वाला) जानवर हूँ" किम ने कहा!

"मैं अशिष्ट या धृष्ट चीता से, एक उछलने वाले कंगारू से तथा एक दौड़ने वाले छोटे से शशक से भी अधिक तेज दौड़ता हूँ" उसने शेखी बघारी अर्थात् अपने ही मुँह से अपने बारे में बड़ी-बड़ी बातें बोली।

"अरे शान्त रहो" बेन ने कहा "तुम अपने आप को कुछ ज्यादा ही समझते हो। अगर तुमने ध्यान नहीं दिया (अर्थात् अपनी आदत में सुधार नहीं किया) तो तुम्हारा दु:खद अन्त होगा (अर्थात् तुम्हें इसका दुष्परिणाम भुगतना पड़ेगा)।

**Where is ......................................................................................... wide world. (Page-24)**

"तब वह दु:खद अन्त कहाँ?" किम ने पूछा। "क्या वह यहाँ से बहुत दूर है।" बेन ने अपनी आँखें घुमाईं और स्वादिष्ट सलाद की पत्तियों को चबाता रहा।

"अरे, तुम दोनों बहस करना बन्द करो," एक काले पक्षी ने पास से गुजरते हुए (उड़ते हुए) कहा।

"नहीं, यह गंभीर बात है," किम ने कहा। मैं आप सभी के समक्ष यह सिद्ध करूँगा कि मैं इस पूर्ण विस्तृत संसार में सबसे तेज (गति से चलने वाला) जानवर हूँ।"

**"Ok" said Ben ......................................................................................... hare on. (Page-24)**

"ठीक है" बेन ने कहा। "तब मैं तुम्हारे साथ दौड़ करूँगा।"

खरगोश किम ने हँसते हुए अपना सिर हिलाया।

"अभी तुम थोड़ा इन्तजार करो और देखना" बेन ने कहा। "मैं बुद्धिमान वृद्ध उल्लू जैकी को तुम्हारी हमारी दौड़ को आयोजित करने के लिए बुलाऊंगा"—

अगले दिन बुद्धिमान बुजुर्ग उल्लू जैकी ने (उन दोनों बेन और किम के लिए) दौड़ का आयोजन किया। उस क्षेत्र में सभी जानवरों ने अपने सबसे अच्छे कपड़े पहने, अपने पंखों को साफ स्वच्छ किया, लहराने के लिए एक झण्डा उठाया और कछुआ तथा खरगोश का उत्साह बढ़ाने के लिए तैयार हुए।

**On your marks ........................................................................................fast asleep. (Page-25)**

"अब तुम्हारी दौड़ आरम्भ होती है .............. तैयार हो ओ .......................... जाओ।" जैकी ने कहा .................. और दौड़ आरम्भ हो गयी।

कछुआ बेन धीरे-धीरे चला और खरगोश किम तेज-तेज दौड़ा और वह (खरगोश किम) शीघ्र ही आँखों से ओझल हो गया। यथार्थ में वह (खरगोश किम) इतना आगे निकल चुका था कि जब उसने पीछे की ओर देखा, कछुआ बेन कहीं भी दिखाई नहीं दिया।

खरगोश किम ने सोचा, "मैं लगभग जीत ही चुका हूँ। मैं सोचता हूँ कि मैं इस पेड़ के नीचे थोड़ी सी (नींद की) झपकी लूँगा। दिन बहुत ही गरम है" (इस प्रकार सोचकर) खरगोश किम शीघ्र ही गहरी नींद में सो गया।

**Meanwhile ......................................................................................... shouting. (Page-25)**

उसी दौरान (जब खरगोश किम सोया हुआ था) कछुआ बेन अपने कठोर कवच या खोल पर धूप का आनन्द लेते हुए तथा समय-समय पर घास के छोटे-छोटे टुकड़े (गस्से) खाता हुआ रास्ते पर धीरे-धीरे चलता रहा। वह धीमी चाल से चला लेकिन चलता रहा। धीमे-ध ीमे चलकर उसने बलूट के वृक्ष को पार किया, मन्दगति से पुल को पार किया, उसने गौशाला को पार किया, उसने खरगोश किम को भी पार किया जो अभी भी पेड़ के नीचे खर्राटे ले रहा था। वह मन्दगति से चलता ही रहा जब तक कि वह अन्तिम लाइन तक नहीं आ गया जहाँ बुद्धिमान वृद्ध उल्लू (जैकी) और अन्य सभी जानवर मैदान में एकत्रित थे। सभी जानवर बेन के चारों ओर खुशियाँ मनाते तथा शोर करते हुए एकत्रित हो गये।

**Well done ! ......................................................................................... his neck. (Page-25-26)**

"बहुत अच्छा, बहुत अच्छा (शाबाश!) तुम विजेता हो!

इन आवाजों ने खरगोश किम को अचानक जगा दिया।

"अरे! अरे! यह क्या हो रहा है? ये सब आवाजें क्या हैं? कोई बात नहीं। मेरे लिए अच्छा है कि मैं दौड़ को समाप्त करूँ तब मैं खाना खाने के लिए जा सकता हूँ", उसने (किम ने) सोचा।

खरगोश किम अन्तिम रेखा की ओर पहाड़ी से नीचे दौड़ा। लेकिन जब वह वहाँ पहुँचा तो उसने वहाँ कछुआ बेन को अपनी गर्दन में विजित स्वर्ण पदक लटकाए हुए देखा।

**This can't be ........................................................................................................ again. (Page-26)**
"यह उचित नहीं है! उसके (किम के) साथ धोखा हुआ है" खरगोश किम चीखा।
"प्रत्येक जानता है कि मैं उससे तेज (दौड़ता) हूँ"।
"कछुआ बेन ने धोखा नहीं दिया है" बुद्धिमान, वृद्ध उल्लू जैकी ने कहा!
"वह साफ सुथरा जीता है। धीमे किन्तु निश्चिन्तता के साथ, (अपने कार्य को बीच में) कभी न छोड़ते हुए, बेन ने सबसे पहले अन्तिम रेखा पार की! दु:ख है किम, लेकिन तुम दौड़ हार चुके हो। यह तुम्हारे लिए एक शिक्षा होनी चाहिए धीरे किन्तु लगातार चलने वाले ने दौड़ जीता है।"
खरगोश किम बहुत दु:खी प्रतीत होता था। कछुआ बेन ने भी उसकी हार के लिए दु:ख अनुभव किया और उसे (किम को) प्रसन्न करने का प्रयत्न किया।
"खुश रहो किम, यह तो मात्र एक दौड़ थी।" बेन ने कहा। "मुझे पूरा विश्वास है कि अगली (दौड़) तुम ही जीतोगे। और मेरे विचार से यह ज्यादा उचित रहेगा (I had rather) कि हम धूप में दौड़ जीतने वाले होने की अपेक्षा परस्पर मित्र रूप में रहें।"
और उस दिन के पश्चात वे मित्रों में सर्वोत्तम मित्र बने और खरगोश किम ने फिर दुवारा कभी आत्म-प्रशंसा नहीं की (शेखी नहीं बघारी)।

**Difficult words —**energetic = ऊर्जावान, sleepy = सुस्त, munch = धीरे-धीरे चबाना, gobble = शीघ्रता से निगलना, dizzy = चक्कर आना, groom = साज-शृंगार करना, साफ करना, on your marks = स्पर्धा शुरू करने के शब्द, plod = धीरे-धीरे चलना, dustered = इकठ्ठे हो गये, boast = शेखी मारना।

## Answers :

**About the Passage**

**A. Tick the sentences that are correct and cross if incorrect**

Tick- 2, 3

Cross- 1, 4

**B. Fill in the blanks with the correct word from the box**

1- won, 2- Jackie, 3- slow, 4- fast, 5- nap

**D. Spell it Right**

1- Teeth, 2- Plant, 3- Net, 4- Bat

**Let's Write**

**Answer the following questions**

1. The tortoise- Ben, The hare- Kim, The owl- Jackie.
2. Ben, the tortoise won the race.
3. Jackie, the owl was made the judge.
4. Yes, the hare and the tortoise became friends after the race got over.
5. Winning and losing are part of a game. We should always play with sportsman spirit.

**Grammar**

**Tick the correct answer**

1- an aunt, 2- a cow, 3- an owl, 4- a fan, 5- a knife

## Lesson-6 — Five Little Seeds (पाँच नन्हें बीज)

**Five Little ........................................................................................ waiting to grow. (Page-31)**
पाँच नन्हें बीज, पाँच नन्हें बीजों में से तीन फूल (पुष्प) बनेंगे और दो खरपतवार बन जाएंगे। घासों के नीचे और बर्फ के नीचे पाँचों नन्हें बीज उगने (अंकुरित होने) की प्रतीक्षा करते रहेंगे।

**Out Comes the ...................................................................................... funny old weeds. (Page-31)**
सूरज के उगने के बाद और वर्षा की बौछार के बाद पाँच नन्हें बीजों में से तीन मिट्टी के अन्दर से बाहर निकल आते हैं, जिनमें सुन्दर

गुलाबी फूल झलकते हैं। सूरज के निकलने के बाद हरेक पौधा को सूरज की रोशनी की जरूरत पड़ती है। शेष दो बीज हास्यकर/विचित्र से पुराने जर्जर खरपतवार की तरह उगते हैं।

**Difficult words —**weeds = खरपतवार, waiting = प्रतीक्ष में, shower = वर्षा की बौछार, funny = हास्यकर, विचित्र।

### Answers :

**Activity**

Lion- Cub, Sheep – Lamb, Cow – Calf, Cat – Kitten, Hen – Chick

## Lesson-7 Sharing and Caring (मिलबाँट कर खाना और एक दूसरे की देखभाल करना)

**Once ........................................................................................................ to eat. (Page-33)**

एक समय की बात है, दो भेंडें थीं। (उनमें से) एक छोटी भेंड़ भी और एक बड़ी (भेड़ थी)। छोटी भेड़ की धीमी आवाज बा, बा थी जबकि बड़ी भेंड़ की आवाज ऊँची बा, बा थी। दोनों भेंड़ आपस में भाई थीं।

प्रत्येक दिन बड़ी और छोटी भेंड़ें जंगल में खाने के लिए घास की तलाश में जातीं थीं। एक सुबह, हमेशा की तरह, दोनों भेंड़ें बाहर गयीं। बड़ी भेंड़ और छोटी भेंड़ खाने के लिए घास की तलाश में उछल कूद करती हुई जंगल के लिए निकलीं।

**It had not ................................................................................................ home back. (Page-33-34)**

कई दिन से वर्षा नहीं हो रही थी। घास सूख चुकी थी। बड़ी भेंड़ और छोटी भेंड़ काफी समय तक (इधर-उधर घास के लिए) तेजी से (जंगल में) चलती रही लेकिन वे खाने के लिए घास न प्राप्त कर सकीं। वे (आगे ही आगे) चलती रहीं और शीघ्र ही एक नदी पर पहुँचीं। उन्होंने नदी से पानी पिया।

जब बड़ी भेंड़ ने अपनी नजर उठाई, तो उसे घास की छोटी सी जगह दिखाई दी। यह एक सुन्दर घास का टुकड़ा था लेकिन यह बहुत छोटा था। बा, बा कर वह (बड़ी भेड़) छोटी भेड़ से जोर से बोली। वे (दोनों) बहुत उत्तेजित (प्रसन्न) थीं।

लेकिन वह घास की जगह इतनी छोटी थी कि केवल एक ही भेड़ उसे खा सकती थी। बड़ी भेंड़ ने छोटी से घास खाने के लिए कहा। "मैं ज्यादा भूखी नहीं हूँ।"

लेकिन छोटी भेंड़ ने पीछे चलना प्रारम्भ कर दिया।

बा, बा। हम दोनों मिलकर घास खाते हैं (बड़ी भेड़ ने कहा) इस प्रकार दोनों भेड़ों ने मिलकर घास खाई और खुशी-खुशी उछल कूद करती हुई घर लौट आईं।

**Difficult words —**gambolled out = खुशी-खुशी बाहर गयीं, patch = छोटा सा टुकड़ा (जमीन का)।

### Answers :

**About the Passage**

**A. Choose the right words to complete the sentence**

1- two, 2- grass, 3- raining, 4- grass, 5- (i) green, (ii) small

**B. Fill in the blanks with the help of the words in the box.**

1- hungry, 2- grass, 3- share, 4- shared, happily

**Spell it Right**

**D. Look at the pictures. Arrange the letters to make words that match the pictures.**

CAR, TRUCK, SHIP, AEROPLANE, TRAIN

**Let's Write**

**E Answer the following questions**

1. The sheep went out to the field to look for grass to eat.
2. As it had not rained for many days, the grass had dried up.
3. The two sheep drank water from the river.
4. The patch of grass was green and small.
5. Both the sheep could not eat from the same patch of grass because it was very small.

6. Big sheep told the small sheep to eat the grass.
7. We learn to share from this story.

**Grammar**

**G Read these groups of words. Tick the ones that are sentences.**

Tick- a, d, e

**H. Arrange the following words to make sentences.**

a. My name is Sheela. b. Rose is a pretty flower. c. Dogs love bones.

d. I drink milk. e. I study in class one.

## Lesson-8 Animal Homes (जानवरों के घर)

**On top ........................................................................................ all harm. (Page-41)**

किसी पहाड़ की चोटी पर या समुद्र के अन्दर, ऐसी बहुत सी जगहें हैं जहाँ पर जीवधारी पाए जाते (जा सकते) हैं। रेगिस्तान में अकेले या खेतों में समूह के रूप में, या पेड़ के तनों में छिपे हुए सभी प्रकार के खतरों से दूर।

**On bright ........................................................................................ found. (Page-41)**

धूप से चमकते घास के मैदानों में, या अंधकार पूर्ण कन्दराओं में, जंगल या घने वनों में, जहाँ सभी निर्भीक होते (होने चाहिए) हैं। आर्कटिक (उत्तरी ध्रुव) की बर्फ पर और जमीन के अन्दर बिलों में ऐसी बहुत सी जगहें हैं जहाँ जीवधारी पाए जाते हैं।

| **Difficult words —**Creatures = प्राणी, tucked = छिपे हुए, sunny = धूप युक्त, Arctic = उत्तरी ध्रुव। |
|---|

### Answers :

**Activity**

**Circle the words that you find in a forest.**

trees, lion, river, deer, grass, rabbits, monkey

**Activity**

1. What are the cries of these animals?

a. lion- roars, b- mouse- squeaks, c- dog- barks, d- cat- mews, e- elephant- trumpets, f- goat- bleats, g- sheep- bleats, h- duck- quacks, monkey- chatters, cow- moos

## Lesson-9 A Bark and a Wag (कुत्ते का) भोंकना और (दुम) हिलाना

**Every evening ........................................................................ and tired. (Page-44)**

प्रत्येक शाम को टोमी, शिवम की स्कूल से वापस आने की प्रतीक्षा किया करता था। वह शिवम को देखता तथा जोर से भोंकता और अपनी दुम (पूँछ) हिलाता। टोमी एक कुत्ता है तथा शिवम उसका स्वामी (मालिक) है। टोमी शिवम के साथ खेलना पसन्द करता था। एक (दिन) दोपहर बाद, जब शिवम स्कूल से लौटा तो दरवाजे पर उसका स्वागत करने के लिए टोमी नहीं था। भोंकने की आवाज भी नहीं आई। अगले दिन शिवम और उसकी बहिन टोमी को खोजने गये। वे (जगह-जगह) घूमे और (उसे) तलाश किया।
"टोमी, टोमी, तुम कहाँ हो ?" उन्होंने पूरे दिन उसे खोजा। लेकिन टोमी नहीं मिला। बच्चे बहुत दु:खी हुए और थक गये।

**One day ........................................................................ to wagged his tail. (Page-44-45)**

एक दिन उन बच्चों ने एक घर से भोंकने की आवाज आती हुई सुनी। बच्चे घर की ओर दौड़े। उन्होंने घण्टी बजाई! एक आदमी ने दरवाजा खोला। शिवम ने पूछा "अंकल, क्या आपने एक काले रंग का कुत्ता देखा है ?" नहीं "आदमी ने कहा! लेकिन बच्चे अभी भी भोंकने की आवाज सुन रहे थे।
बच्चे मकान के पीछे की ओर गये। वे एक छोटे से पेड़ पर चढ़े और घर के अन्दर झांक कर देखा। उन्होंने मकान के पिछवाड़े में टोमी को बँधा हुए देखा। वे बहुत खुश हुए। वे पुन: (उस) घर की ओर वापिस दौड़े। उन्होंने पुन: घण्टी बजाई।
आदमी ने दरवाजा खोला। वह नाराज प्रतीत होता था। "यह सब क्या है ?" उसने क्रोधपूर्वक पूछा। बच्चों ने उत्तर दिया, "हमें पता है आपके पास हमारा कुत्ता है। हमने उसे आपके घर के पिछवाड़े में बँधा हुआ देखा है।"
आदमी अब यह जान गया कि वह अब टोमी को और अधिक समय छुपाकर नहीं रख सकता है। उसने टोमी को बच्चों के लिये वापस कर दिया। बच्चे टोमी को देखकर बहुत खुश हुए। टोमी भोंका और अपनी पूँछ हिलाई (बच्चों को देखकर)।

| **Difficult words —**wage = दुम हिलाना, look for = खोजना, backyard = पिछवाड़ा, bark = भोंकना। |
|---|

## Answers :

**About the Passage**

**A. Write T for true and F for false**

1- F, 2- F, 3- T, 4- T, 5- T

**Let's Write**

**B. Answer the following questions**

1. Every evening, Tommy would be waiting for Shivam to come back from school and as soon as he saw Shivam, he would bark loudly and wag his tail.
2. One afternoon, when Shivam returned from school, Tommy was found missing.
3. Tommy, the dog was black in colour.
4. When the children climbed up the tree, they saw Tommy tied in the backyard of the house.
5. The man realized that he could not hide Tommy any more. So, he returned Tommy to the children.

**D.** a, e, i, o, u are vowels. Fill in the blanks with vowels to complete the names of these animals.

1- BEAR, 2- DUCK, 3- MONKEY, 4- HIPPOPOTAMUS, 5- LEOPARD, 6- ELEPHANT

**Spell it Right**

**D.** Put the letters in the right order to find the names. Write the names in the given blanks.

i- BRINJAL, ii- CARROT, iii- POTATO, iv- LADY'S FINGER, v- GINGER

**Grammar**

**(i) Complete the sentences by matching them with their actions**

1. The boys are playing. 2. The girl is helping her mother in the kitchen.
3. The train is standing. 4. An artist is painting.
5. Mother is cooking.

**Vocabulary**

**I. Pick the odd one out in each row.**

(i) Garden, (ii) Organ, (iii) Balloons

## Lesson-10 Five Little Ducks (पाँच छोटी बत्तखें)

**Five little ducks ................................................. but only two little ducks came back. (Page-50)**

एक दिन पाँच छोटी बत्तखें बाहर गयीं,
पहाड़ियों के ऊपर और बहुत दूर।
माँ बत्तख बोली,
(क्वैक) "काँ, काँ, काँ, काँ"
लेकिन केवल चार छोटी बत्तखें वापस लौटीं।
एक दिन चार छोटी बत्तखें बाहर गयीं,
पहाड़ियों के ऊपर और बहुत दूर।
माँ बत्तख बोली
"काँ, काँ, काँ, काँ"
लेकिन केवल तीन छोटी बत्तखें वापस लौटीं।
एक दिन तीन छोटी बत्तखें बाहर गयीं,
पहाड़ियों के ऊपर और बहुत दूर।
माँ बत्तख बोली,
"काँ, काँ, काँ, काँ"
लेकिन केवल दो छोटी बत्तखें वापस लौटीं।1

**Two little ducks ........................................................... and all five little ducks came back. (Page-50-51)**
एक दिन दो छोटी बत्तखें बाहर गयीं
पहाड़ियों के ऊपर और बहुत दूर।
माँ बत्तख बोली,
"काँ, काँ, काँ, काँ "
लेकिन केवल एक छोटी बत्तख वापस लौटी।
एक दिन एक छोटी बत्तख बाहर गयी
पहाड़ियों के ऊपर और बहुत दूर
माँ बत्तख बोली
"काँ, काँ, काँ काँ!"
लेकिन पाँच छोटी बत्तखों में से कोई भी वापस नहीं लौटी।
दु:खी माँ बत्तख एक दिन बाहर गयी,
पहाड़ियों के ऊपर और बहुत दूर।
दु:खी माँ बत्तख बोली,
"काँ, काँ, काँ, काँ!"
और सभी पाँचों छोटी बत्तखें वापस लौट आयीं।

**Difficult words —**Quack = बत्तख की आवाज–काँ, काँ।

## Answers :

**Activity**

These sentences are not in correct order. Arrange them in order you do them every day.
I wake up at 6:30 a.m.
I brush my teeth.
I take the bath.
I wear my clothes.
I have a toast and an egg for breakfast.
My bus is at the gate waiting for me.

## Lesson-11 The Fancy Dress Show (आकर्षक पोशाक प्रदर्शन)

**It is .................................................................................................. watching the show. (Page-53)**
रविवार का दिन है। चचेरे बहिन भाई आकर्षक पोशाकों का प्रदर्शन देखने जाते हैं।
प्रदर्शन में बहुत से बच्चे आकर्षक पोशाक में हैं। बच्चे बहुत ही उत्साहित (प्रसन्न) हैं।
सभी बच्चों के माता-पिता एक बड़े हॉल में उपस्थित हैं। वे प्रदर्शन को देखेंगे।
सुश्री सरिता गिटार बजाती है। अब आकर्षक पोशाक प्रदर्शन प्रारम्भ होता है। सर्वप्रथम नीरज स्टेज पर आता है
वह स्पाइडरमेन जैसे कपड़े पहने हुए है।
तब बन्दर जैसे कपड़े पहने हुए सिद्धार्थ आता है।
वह एक हास्यास्पद (Funny) बन्दर की तरह क्रिया कलाप करता है,
वह प्रदर्शन (show) देख रहे व्यक्तियों की ओर (तरह-तरह की) मुखाकृति बनाता है।

**Shubham comes ........................................................................... story books. (Page-54)**
शुभम कद्दू जैसा बनकर आता है और तनु अण्डे की तरह (पोशाक पहनकर) आती है। उसका नाम हम्प्टी डम्प्टी है।
दो लड़कियां चाँदी जैसे पंख लगाकर परियों के रूप में हैं।
मन्जू हृदयों की रानी बनकर आती है। उसकी सुन्दर सफेद रंग की पूरी पोशाक पर लाल (रंग के) हृदय बने हुए हैं।
साक्षी, श्रीमती हिप्पो के रूप में आती है और सोनू एक हाथी का बच्चा जैसा बनकर आता है।
उसके उपरान्त हाथ में एक लम्बे डण्डे वाला झाड़ू लेकर हैरी पॉटर के रूप में वर्णित प्रवेश करता है।
(बच्चों के) माता पिता (प्रदर्शन देखकर) प्रसन्न हैं। वे सभी बच्चों के लिए तालियाँ बजाते हैं। (प्रदर्शन में भाग लेने वाले) बच्चे पुरुस्कार प्राप्त करते हैं।

सिद्धार्थ प्रथम पुरुस्कार के रूप में एक हवाई जहाज प्राप्त करता है। साक्षी द्वितीय पुरुस्कार के रूप में छाता लिए एक गुड़िया प्राप्त करती है।
शुभम और मन्जू तृतीय पुरुस्कार के रूप में एक रंग भरने वाली किताब प्राप्त करते हैं।
सभी बच्चों को रंग बॉक्स तथा कहानियों की किताबें दी जाती हैं।

**Difficult words —**fancy = आकर्षक, pumpkin = कद्दू, fairies = परियाँ, broom = लम्बे हैण्डल की झाड़ू।

## Answers :

**About the Passage**

**A. Write the names of the children under the picture**

Shubham, Tanu, Two little girls, Neeraj

**B. Tick the sentences that are correct and cross if incorrect.**

Tick- 4, 5

Cross- 1, 2, 3

**Let's Write**

**C. Answer the following questions**

1. The cousins go to a fancy dress show on Sunday.
2. Ms. Sarita plays the guitar to start the show.
3. The parents accompany the children on the fancy dress show.
4. Siddharth won the first, Sakshi won the second and Shubham and Manju won the third prize.
5. The parents are happy so they clap for the children.
6. All the children were given crayon boxes and storybooks at the end of the show.

**E. Singular and Plural**

**(i) Write the plural forms of the following nouns.**

a- Branches, b- Potatoes, c- Carrots, d- Lions, e- Birds, f- Glasses, g- Cows, h- Umbrellas

Write S for singular noun and P for plural noun

Singular- a, b

Plural- c, d

**(ii) Complete the chart. Write singular or plural of each noun.**

i- Fence : Fences, ii- Train : Trains, iii- Cow : Cows, iv- Gate : Gates

**(iii) Read each sentence. Underline the singular nouns and circle the plural nouns.**

1. singular- baby, plural- sisters
2. singular- baby, plural- parents
3. singular- family, plural- girls

**Spell it Right**

**F. Unscramble the jumbled words**

STREAM, DOVE, DANGER, HUNTER, STRONG, SHOT

**Activity**

1. **Circle the pictures whose names begin with**

   a, e, i, o, u.

   b, c, d
2. **Write a or an before these naming words.**

   a. an apple, b. a cat, c. an ice cream, d. a train, e. a banana, f. an eye, g. a flower, h. an eagle, i. a lion
3. **Fill in the blanks with a or an. One has been done for you.**

   a. a, b. an, c. an, d. a

## Lesson-12 The Greedy Crane (लालची सारस)

**Once there ........................................................................................ the crab exclaimed. (Page-60)**

एक समय की बात है, किसी झील के किनारे एक वृद्ध सारस रहता था। वह इतना कमजोर था कि वह (उस झील में) तैरती हुई मछलियों को भी नहीं पकड़ सकता था।
वह बहुत भूखा था। इसलिए उसने (जोर से) चिल्लाना प्रारम्भ कर दिया।
एक केंकड़े ने उसे चिल्लाते हुए सुना। उसने (केंकड़े ने) उससे (सारस से) पूछा, "तुम क्यों चिल्ला रहे हो ?"
सारस ने दु:खपूर्वक कहा, "शायद इस झील के समस्त प्राणी बिना पानी के शीघ्र ही मर जायेंगे।"
"क्या!" केंकड़े ने आश्चर्यपूर्वक कहा।

**"Yes .................................................................................................................. stout again. (Page-61)**

"हाँ, इस (झील) में रहने वाले समस्त प्राणी मर जायेंगे।" सारस ने कहा।
"पास में ही एक दूसरी झील है। सभी बड़े प्राणी जैसे मगरमच्छ, कछुआ, मेढ़क आदि उस झील तक (स्वयं) जा सकते हैं लेकिन मैं मछलियों के बारे में चिन्तित हूँ। वे बिना पानी के मर जायेंगीं। इसलिए मैं इतना दु:खी हूँ।
मैं उनकी सहायता करना चाहता हूँ, सारस ने कहा। झील के सारे प्राणी चिन्तित हुए। "यहाँ से कुछ मील की दूरी पर, पानी से भरी एक बड़ी झील है। मैं इन असहाय प्राणियों (मछलियों) को अपनी पीठ पर रखकर (वहाँ) ले जाऊँगा", सारस ने कहा, "और उन्हें सुरक्षित बड़ी झील में रख दूँगा।" सारस की (यह) बात सुनकर कि वह (केंकड़ा) उनकी सहायता करने को तैयार है, सभी प्राणी बड़े प्रसन्न हुए।
सारस एक बार में एक ही मछली को अपनी पीठ पर ले जाता और उसे मध्य रास्ते में खा जाता।
इस प्रकार उसने प्रतिदिन अनेक मछलियों को खाया। वह अब स्वस्थ और मोटा हो गया।

**One day ........................................................................................ killed the crane. (Page 61-62)**

एक दिन, केंकड़ा सारस की गर्दन पर बैठ गया और सारस बड़ी झील की ओर उड़ा। रास्ते में उसने (केंकड़े ने) मछलियों की हड्डियों को देखा और शीघ्र ही सारस की खतरनाक योजना को समझ गया। उसने शीघ्र ही अपने तेज पंजों से सारस की लम्बी गर्दन को जकड़ लिया और उसे वापस लौटने के लिए कहा।
सारस वापस पुरानी झील पर आ गया। केंकड़ा सारस की पीठ से नीचे कूद पड़ा और सभी अन्य प्राणियों को इस घटना के बारे में बता दिया। सभी प्राणी (यह सुनकर) इतने नाराज हुए कि उन्होंने शीघ्र ही सारस को मार दिया।

**Difficult words —**Crane = सारस, creatures = प्राणी, worried = चिन्तित, claws = पंजे, crab = केंकड़ा, stout = मोटा।

### Answers :

**About the Passage**

**A. Fill in the blanks using the correct words given in the box**

i- lake, ii- fish, iii- crab, iv- grabbed, v- killed

**B. Match the things with the right colours.**

Rose- red, Milk- white, Lemon- yellow, Sea- blue, Leaves- green

**Let's Write**

1. An old crane lived at the bank of a lake.
2. The old crane was very weak so he could not catch the fish.
3. A crab heard the crane crying.
4. The crane pretended to carry one fish each time to a big lake but he ate it in the middle of the way.
5. The creatures of the lake were happy when they heard that the old crane was going to help them.
6. The crane ate the fishes one by one in the middle of the way.
7. One day, the crab sat on the crane's back to go to the big lake. On the way, he saw bones of fish and understood the evil plan of the crane. He quickly grabbed the neck of the crane with his sharp claws and told him to return. In this way, he saved his life.
8. The crab told the other creatures about the truth of the crane.

**Grammar**

**D. Use the words from the preposition bank to complete the sentences.**

1- under, 2- up, 3- about, 4- from, 5- in, 6- at

**Spell it Right**

**E. Fill in the missing letters in the words below.**

1- rain, 2- train, 3- fail, 4- hurt, 5- pony

**Listening and Speaking**

**F. Fill in the blanks in these pair of sentences using the right word.**

1- won, one, 2- would, wood, 3- herd, heard, 4- hear, hare, 5- two, to

## Lesson-13 I like (मैं पसन्द करता हूँ)

**I like ............................................................................................................ when they rhyme. (Page-68)**

मैं धूप पसन्द करता हूँ।
मैं बर्फ (ठण्डक) पसन्द करता हूँ।
मैं भूरी पत्तियाँ पसन्द करता हूँ
जब वे (हवा में) हिलती हैं।
मैं बिस्किट (cookies) पसन्द करता हूँ।
मैं केक पसन्द करता हूँ।
मैं छोटी चपटी मीठी रोटी (waffle) पसन्द करता हूँ।
जब मैं जागता हूँ (सोकर उठता हूँ)।
मैं स्कॉटिश कुत्ते पसन्द करता हूँ।
मैं बिल्लियाँ पसन्द करता हूँ।
मैं जोकर (मसखरे) पसन्द करता हूँ।
हास्यास्पद टोप पहने हुए
मैं बेसबाल पसन्द करता हूँ।
मैं रेलगाड़ी पसन्द करता हूँ।
मैं सोना पसन्द करता हूँ
जब वर्षा होती है।
मैं सोते समय कहानी (सुनना) पसन्द करता हूँ।
मैं कविता पसन्द करता हूँ,
जब वे समान स्वर में होती हैं।

**Difficult words —**sunshine = धूप, cookies = विस्किट, waffle = पतली मीठी रोटी, collies = स्कॉटिश कुत्ते, clowns = जोकर।

**Answers :**

**Activity**

Students are requested to perform this activity themselves.

## Lesson-14 The Golden Egg (सोने का अण्डा)

**A Short Story (एक लघु कहानी)**

**Hariya ............................................................................................................ catch the hen. (Page-70)**

हरिया नाम का एक गरीब नाई अपनी छोटी सी झोंपड़ी में अकेला रहता था। वह अपने कार्य के प्रति समर्पित था और वह जो कुछ भी कमाता था उसकी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पर्याप्त था।

एक शाम जब हरिया अपने कार्य से लौटा, वह बहुत भूखा था। "आज रात मैं क्या पकाऊँगा ?," उसने सोचा। तभी उसने अपनी झोंपड़ी

के बाहर एक मुर्गी को कुट-कुट करते सुना। "उस मुर्गी से मेरा अच्छा भोजन तैयार होगा", हरिया ने सोचा और उसे पकड़ने को तैयार हो गया।

**With a little ........................................................................................... next day. (Page-70-71)**
थोड़े से प्रयास से वह मुर्गी को पकड़ने में समर्थ हो गया। जैसे ही वह मुर्गी को मारने वाला था, वह (मुर्गी) ची, ची कर चिल्लाई, "कृपया मुझे मत मारो, ओ दयालू आदमी! मैं तुम्हारी सहायता करूँगी"।
हरिया रुक गया। यद्यपि वह (हरिया) यह जानकर आश्चर्यचकित था कि मुर्गी बोली, उसने पूछा, "तुम मेरी सहायता कैसे कर सकती हो?"
"यदि तुम मुझे जीवित छोड़ोगे तो मैं तुम्हें प्रतिदिन सोने का एक अंडा दूँगी।" मुर्गी ने कहा। हरिया की आँखें खुशी में चौड़ी हो गयीं। हरिया यह वचन या वादा सुनकर अश्चर्यचकित हुआ। "सोने का एक अंडा! वह भी प्रतिदिन! लेकिन मुझे तुम्हारी बातों पर विश्वास क्यों करना चाहिए, हो सकता है कि तुम झूठ बोल रही हो," हरिया ने कहा।
"अगर मैं कल सोने का एक अंडा न दूँ तो तुम मुझे मार सकते हो," मुर्गी ने कहा। इस वचन के बाद, हरिया ने मुर्गी को छोड़ दिया (जीवित) तथा अगले दिन की प्रतीक्षा की।

**The next morning ................................................................................... too late. (Page-71-72)**
अगली सुबह हरिया ने अपनी झोंपड़ी के बाहर सोने का एक अंडा पड़ा हुआ पाया तथा उसके बगल में मुर्गी को बैठे हुए पाया। "यह सच है! तुम सच में सोने का अंडा दे सकती हो," हरिया ने अत्यंत खुशी के साथ आश्चर्यपूर्वक कहा।
उसने इस घटना को किसी को नहीं बताया, (क्योंकि) उसे डर था कि कहीं और लोग उस मुर्गी को न पकड़ लें।
इस दिन के पश्चात वह मुर्गी प्रतिदिन एक सोने का अंडा देती थी। बदले में हरिया उस मुर्गी की अच्छी देखभाल करता था। शीघ्र ही हरिया धनवान हो गया।
लेकिन वह लालची हो गया। उसने सोचा "यदि मैं मुर्गी के पेट को काट दूँ तो एक बार में ही सोने के सारे अंडे प्राप्त कर सकता हूँ। मुझे एक-एक करके मुर्गी को सोने के अंडे देने की प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ेगी"
उस रात वह मुर्गी को अपने घर के अंदर के भाग में ले गया और मुर्गी को मार दिया। लेकिन उसके लिए यह अत्यंत निराशाजनक बात हुई, उसे सोने का कोई अंडा नहीं मिला। एक भी नहीं।
"मैंने क्या कर दिया? मेरे लालच ने मुझसे मुर्गी को मरवा दिया, "वह बिलख-बिलख कर रोया। लेकिन अब बहुत देर ही चुकी थी।

**Difficult words —**barber = नाई, cluck = चूजे द्वारा कुट कुट करना, squeaked = चींचीं कर चिल्लाना, delight = खुशी, wailed = बिलख-बिलख कर रोना।

## Answers :

**About the Passage**

**A. Tick the sentences that are correct and cross if incorrect.**

Tick- 1, 3, 4, 5

Cross- 2

**Let's Write**

**Answer the following questions**

1. Haria was a poor barber who lived alone in his small hut.
2. Haria found a hen clucking outside his hut.
3. In favour of its life, the hen promised to lay a golden egg every day for Haria.
4. After a few days, Haria became greedy. He thought that if he cut open the hen's stomach, he could get out all the golden eggs at once. So, he killed the hen.
5. We should not be greedy and have patience.

**C. Write the missing letters in each word and complete the sentences**

a. Keep your teeth clean.
b. She reads three books in a week.
c. Do you always dream when you sleep?
d. He was asleep at three in the afternoon.

**Spell it Right**

(i) Complete these sentences using the right words from the box

1. squeeze, 2. Shake, 3. Stroke, 4. Press, 5. Shake

**Grammar**

(i) Write in the correct verb to be

1- is, 2- are, 3- is, 4- are, 5- are, 6- is, 7- are, 8- am, 9- is, 10- are

(ii) Rearrange the sentences

1. I am not a teacher.
2. She is my mother.
3. Are the boys happy?
4. The girl is in the room.
5. My dad is smart.
6. My mother is a housewife.
7. She is not my sister.
8. Is the teacher angry?

**Which is the Verb?**

**(iii) Read the sentences below and write the verb in each sentence.**

1- shines, 2- blows, 3- bloom, 4- eats, 5- barks, 6- play, 7- fly, 8- goes

**Listening and Speaking**

**B. Write answers of the following questions**

Do you play cricket? Yes, I do.

Do you go to school by auto rickshaw? Yes, I do.

Do you write with a pencil? Yes, I do.

**Activity**

1. Please give me a pen.
2. Please help me in my homework.
3. Please switch off the fan mother.
4. Please come to my birthday party.

●

## Lesson-1 Rescue of a Tiny Friend (एक नन्हे से मित्र का बचाव)

**Know these words (इन शब्दों को जानो)**

peeping = झांकते हुए, patiently = धैर्यपूर्वक, chirping = चहचहाट, sight = दृश्य, meadow = घास का मैदान, fence = दीवार, noose = रस्सी का फंदा, battle = लड़ाई, courage = साहस, encouraged = उत्साहित किया, savage = हिंसक, frightened = भयभीत।

**It was ............................................................................ hungry eyes. (Page-5-6)**

एक सुन्दर धूप वाले दिन का समय था। जॉन अपने बिस्तर पर लेटने का आनन्द ले रहा था और (सामने) खिड़की की ओर देख रहा था। वह आराम से चिड़ियों की चहचहाट सुन रहा था। अचानक एक छोटी तथा रंगीन चिड़िया की ओर उसकी नजर गई। 'कितनी सुन्दर चिड़िया है', जॉन ने सोचा।

उसने देखा कि चिड़िया अचानक भयभीत हो गई। वह अपने बिस्तर से नीचे कूदा और खिड़की की ओर दौड़ा। (खिड़की के बाहर) मैदान में उसने भूखी आँखों वाले एक बड़े सिलैटी रंग के भेड़िये को देखा।

**I must ..................................................................................... its life. (Page-6-7)**

"मुझे नन्ही चिड़िया की सहायता अवश्य करनी चाहिए" जॉन ने विस्मयपूर्वक स्वयं से कहा। उसने चारों ओर नजर दौड़ाई और पेड़ की एक शाखा को दीवार से छूते हुए देखा। उसने कुछ समय के लिए विचार किया और एक योजना बनाई। उसने एक रस्सी ली और उसके एक छोर पर एक फंदा बनाया। उसने इस रस्सी को (अपने हाथ में) लिया और (पेड़ की) शाखा पर चढ़ गया।

"चिंता मत करो, मैं तुम्हारी सहायता करूँगा। तुरन्त जाओ और उस भेड़िये के (आसपास) चारों ओर उड़ो।", जॉन ने जोर से कहा। सावधान चिड़िया ने जॉन की ओर याचनापूर्ण नजरों से देखा। "तुम क्या कह रहे हो भेड़िया मुझे खा जायेगा।", डरी हुई चिड़िया चिल्लाई।

जॉन ने उत्तर दिया, "ओह! मेरी प्रिय मित्र साहस के बिना कोई युद्ध नहीं जीता जाता। स्वयं पर विश्वास करो।" छोटी चिड़िया ने इससे शिक्षा ली और उड़ने लगी।

चिड़िया ने भेड़िये को भ्रम में डाल दिया। उसी दौरान, जॉन पेड़ से नीचे कूदा और रस्सी के फंदे से भेड़िये की पूँछ को बाँध दिया। उसने तब रस्सी को खींचा और इसे पेड़ की शाखा से बांध दिया।

हिंसक भेड़िया हवा में लटका हुआ था। नन्हीं-सी चिड़िया मुस्कराई और उसने (जॉन को) उसका जीवन बचाने के लिए धन्यवाद दिया।

### Answers :

**Activity Page 5**

Write 'T' for true and F for false

(a) T, (b) T, (c) F

**Try Your Knowledge**

**I. Write T for true and F for false for the following statements**

(a) T, (b) F, (c) T, (d) F

**II. Answer the following questions**

(a) While lying on the bed, John was patiently listening to the chirping of birds.

(b) John got a rope and made a noose of it. He tied the noose to the wolf's tail, pulled the rope and tied it to the branch of the tree.

(c) The bird learnt that no battle is won without courage.

(d) The wolf was hanging in the air.

(e) The little bird thanked John for saving its life.

**Spell it Right**

(a) Fence, (b) Noose, (c) Battle, (d) Sight, (e) Savage

**Grammar Zone**

**(b) Underline the words that are used in place of nouns.**

1- dog, 2- Sita, Geeta, 3- Rahul, 4- me, 5- her

**(c) Choose correct words from the brackets and complete the sentences**

1- them, 2- It, 3- He, 4- him

**Enrich Your Skills**

Students are requested to perform this activity themselves.

## Lesson-2 — In the Metro Train (मैट्रो ट्रेन के अंदर)

**Know these words (इन शब्दों को जानो)**

excited = उत्साहित, प्रसन्न, beside = बगल में, whispered = धीरे से कहना, indeed = वास्तव में, delicious = स्वादिष्ट, necessary = आवश्यक, noisy = शोर युक्त, Auto Rickshow = ऑटोरिक्शॉ।

**The summer ................................................................................ tomorrow morning. (Page-12)**

गर्मी की छुट्टियाँ प्रारम्भ हो गयीं। श्याम और रवि बहुत प्रसन्न थे और पिकनिक पर जाना चाहते थे।

शाम को जब उनके पिताजी घर वापस आए तो वे (श्याम और रवि) उनकी बगल में बैठ गये। माँ ने रात का भोजन तैयार किया और मेज लगा दिया।

"रात्रि का भोजन तैयार है। अपने हाथ धो लो और भोजन की मेज पर बैठ जाओ," माँ ने रसोई घर से पुकारा।

"पिताजी से बात करने के लिए भोजन की मेज उचित स्थान है", श्याम ने रवि से धीरे से कहा।

"हाँ वास्तव में," रवि ने उत्तर दिया।

मेज पर रवि ने अपने पिताजी से पूछा, "पिताजी, हमारी छुट्टियाँ प्रारम्भ हो चुकी हैं। हमें एक पिकनिक की योजना बनानी चाहिए।" पिताजी तुरन्त तैयार हो गए और कहा, "हम कल सुबह चलेंगे।"

**The next morning .......................................................................... explained father. (Page-12-13)**

अगली सुबह घर के प्रत्येक व्यक्ति ने पिकनिक के लिए तैयारी करना प्रारम्भ कर दिया। माताजी ने स्वादिष्ट भोजन बनाया और सभी आवश्यक वस्तुएं पैक कर दी। पिताजी ने मछली पकड़ने का जाल और बच्चों के खेलने के लिए बैडमिंटन के रैकेट और शटल कॉक रखी।

पिकनिक स्थल को जाने वाले रास्ते पर श्याम ने संकेत किया और खुशी से कहा, "रवि उस विशाल बस को देखो। यह ऐसी लगती है जैसे दो बसों को एक साथ जोड़ दिया हो।" उन दोनों ने इस (बस) की ओर विस्मयपूर्ण नजरों से देखा।

"नहीं! यह एक विशाल बस नहीं है यह नवीन रेल सेवा मैट्रो रेल है।" पिताजी ने कहा।

**Father then .............................................................................................. Yes of course. (Page-13)**

"पिताजी तब तो हम मेट्रो ट्रेन में जायेंगे।" श्याम ने आश्चर्य से कहा। "हाँ! मैट्रो से", रवि ने भी कहा। "मैं इन शोर करने वाले ऑटो रिक्शा को पसन्द नहीं करता हूँ।"

"हाँ बिल्कुल, मैट्रो रेल से ईंधन और समय की बचत होती है," पिताजी ने कहा।

पिताजी उन सब को मैट्रो रेल में ले गये। वे समय से पहले पिकनिक स्थल पर पहुँच गये वे साथ-साथ खेले और अपने पिकनिक समय का आनन्द लिया।

"अब, घर वापस जाने का समय हो गया है। श्याम और रवि, बैग पैक करो। हम घर चलेंगे," माँ ने कहा।

"ठीक है माताजी और पिताजी दोनों सहमत हो गए और कहा, "हाँ बिल्कुल।"

**Answers :**

**Activity Page 11**

**Match the following**

1- c, 2- d, 3- a, 4- b

**Try Your Knowledge**

**(a) Who said these?**

1. Mother, 2. Ravi, 3. Father, 4. Father

**(b) Answer the following questions**

1. Shyam and Ravi were planning to go for a picnic in their summer holidays.
2. Mother prepared delicious food.
3. Father got badminton rackets and shuttle cock for the kids to play.
4. Metro train saves fuel and time.
5. The new train service is called Metro train.

**(c) Fill in the blanks**

1- summer, 2- delicious food, 3- picnic, 4- noisy, 5- fishing

**Spell it Right**

**(d) Put tick after correct spelling and cross after incorrect spelling and write the correct spelling**

**Tick- 4**

Incorrect- 1- Started, 2- Delicious, 3- Fuel, 5- Beside

**Grammar Zone**

**I. Read the sentences and underline the proper noun**

(a) November, December, (b) Oxford, (c) Delhi India, (d) Basantar, (e) Mohan, Ravi

**II. Match the proper noun and common noun given below**

1- Ravi : Boy, 2- Dehradun : City, 3- Yamuna : River, 4- Taj Mahal : Building, 5- Zebra : Animal

**Enrich Your Skills**

Look at the pictures and write the names of people at work.

1. Baker, 2. Farmer, 3. Tailor, 4. Doctor, 5. Pilot, 6. Barber

## Lesson-3 — Ants and their 'Robo' (चींटी और उनके रोबोट)

**Know these words (इन शब्दों को जानो)**

parcel = डाक से आया पैकिट, impatient = अधीर, hurry = जल्दबाजी, pleaded = याचना की, interrupted = बीच में रोका, worried = चिन्तित, marching = आगे बढ़ रहे, peeped = झाँककर देखा, relaxed = आराम युक्त, apologized = क्षमा माँगी, instruction = अनुदेश (प्रयोग के तरीके)।

**There was ...................................................................................................... for kitchen. (Page-18-19)**

एक छोटा सा खिलौना नगर था। वहाँ दो सुस्त चींटियाँ टोबी और रीमा रहती थीं। वे कार्य करना पसंद नहीं करती थीं।

एक दिन उन्होंने सोचा कि उनके पास एक रोबोट होना चाहिए।

"हमें एक रोबोट कंपनी से कहना चाहिए", टॉबी ने कहा। रीमा खुशी के साथ (प्रसन्नतापूर्ण आवाज में) चिल्लाई, "ठीक है, मैं एक (रोबोट कम्पनी) को जानती हूँ। हमें यह करना चाहिए।"

बिना समय नष्ट किए उन्होंने (रोबोट कम्पनी को) आदेश कर दिया। कम्पनी ने एक पार्सल से उनके लिए एक रोबोट भेज दिया।

"हम अब अपना सारा काम कर लेंगे।" चींटियाँ नाचीं और गायीं। प्रसन्न चींटियों ने पार्सल खोला और रोबोट के विभिन्न हिस्सों को प्राप्त किया।

वे अधीर (धैर्य रहित) हो गयीं। उन्होंने अनुदेशों को ठीक से या पूरी तरह से नहीं पढ़ा और जल्दबाजी में रोबोट के विभिन्न हिस्सों को लगा दिया।

रीमा ने इसे 'रोबो' नाम दिया और इसके प्रारम्भ की बटन दबा दी।

"मैं आपके लिए क्या करूँ?" रोबोट ने प्रार्थना की।

"मिठाइयाँ और केक!" "क्या तुम उन्हें बना सकते हो?" चींटियों ने उत्तर दिया।

"मुझे एक क्षण (का समय) दो।" रोबो ने कहा और रसोई घर के लिये चला गया।

**Robo came back ..................................................................................... all the ants. (Page-19-20)**

रोबो बहुत सी मिठाई और केक लेकर वापस आया। "ये इतनी स्वादिष्ट है कि हम सब को खायेंगे," टोबी ने उत्सुकतापूर्वक कहा।

रीमा ने टोका, "हमें कुछ (मिठाइयों) को रात के भोजन के लिए बचाकर रख लेना चाहिए।"

रोबो (और अधिक भोजन) पकाता रहा और अधिक सी केक लेकर आया।

"ओह! यह रुक क्यों नहीं रहा है?" टोबी चिल्लाई। इसमें एक 'रोकिये' की बटन होनी चाहिए। "लेकिन मैं इसमें 'Stop' button नहीं ढूँढ़ पा रही हूँ। हम Stop button लगाना भूल गये।" रीमा ने चिन्तापूर्वक कहा।

अचानक चींटियों ने कुछ चलते हुए कदमों की आवाज सुनी। उन्होंने खिड़की से झाँका और चींटियों की एक सेना को आते हुए देखा।

टोबी और रीमा ने चींटियों का स्वागत किया और सारे घटनाक्रम को उन्हें बताया।

रानी चींटी मुस्कुराई और कहा, "चिन्ता मत करो, बैटरी के निष्क्रिय होने की प्रतीक्षा करो। यह स्वयं रुक जाएगा।"

"यह सच है। धन्यवाद रानी चींटी।" राहत प्राप्त चींटियों ने कहा।

"लेकिन तुम्हें इतना असावधान नहीं होना चाहिए।" रानी चींटी ने सुझाव दिया।

टोबी और रीमा ने क्षमा माँगी और सभी चींटियों की सेवा की (स्वागत किया)।

2. The poet describes books as world of wonders because reading books is not only enjoyable, but also educational. Reading books opens immense possibilities and potential for development of an individual.
3. When a person gets lost in reading, his imaginations has no bounds and there is no restriction on his thinking. He enjoys reading and also gets relevant information about many things.
4. In the second stanza of the poem, the poet wishes to convey that reading of books helps us to come out of the world of reality and opens new dimensions to our thoughts and fantasies.
5. Yes, we are convinced about the benefits of reading. Reading is a good habit as it is not only enjoyable and a good pastime, but it also opens new horizons of complete development of a person.

**Vocabulary**

**I. Circle the compound word in each sentence**

1- bookshelf, 2- sandbox, 3- anything, 4- popcorn, 5- notebook

**Grammar Zone**

**I. Fill in the blanks with the right choice of abstract noun**

1- excitement, 2- hatred, 3- fear, 4- truth, 5- boredom, 6- pain, 7- stress, 8- friendship

**Let's Write**

Write a letter to your Headmaster to grant you permission to use the school library after school hours.

To
The Headmaster
ABC School
Jodhpur
Subject: Permission to use the school library after school hours
Dear Sir

I am pleased to inform you that I have qualified for the final round of the inter-school quiz competition. I know that the competition is going to be tough and so I have to prepare well for it.

For this, I need to visit our school library to refer some books on current affairs. Therefore, I request you to grant me permission to use the school library after school hours. I shall be obliged to you for the act of your kindness.

Thanking You
Yours Obediently
Sachin Rajput
Roll No- 12
Class V- B

**Activity**

Students are requested to perform these activities themselves.

## Lesson-3 The Snow Crane (बर्फीली सारस)

**Once upon a time ........................................................................................hunter's trap. (Page-19)**

एक समय की बात है, सैकड़ों वर्ष पूर्व (किसी बर्फीले स्थान पर) एक वृद्ध व्यक्ति और उसकी पत्नी रहते थे। वे जंगल में से जलाने के लिये लकड़ी इकट्ठा करते थे और पास के शहर में अपने जीवन-यापन के लिए उसे बेच दिया करते थे।

एक दिन की बात है जब धीरे-धीरे बर्फबारी हो रही थी, वृद्ध व्यक्ति लकड़ी बेचने के लिए शहर के लिए चल दिया। उसके चारों ओर (बर्फ से ढके होने कारण) चाँदी जैसे रंग के पहाड़ों और पेड़ पौधों का संसार फैला हुआ था। अचानक उसने यह देखने के लिये कि यह क्या है अपने कदम तेज कर दिये। वह एक सुन्दर बर्फीले सारस को देखकर आश्चर्यचकित था। इसकी चोंच लाल थी और पंख चमकीले सफेद रंग के थे। यह किसी शिकारी के जाल में फँस गया था।

**Quickly, the kind hearted ...................................................................to sell firewood. (Page-20)**

शीघ्रता से (उस) दयालु हृदय के व्यक्ति ने उस पक्षी को (जाल से) मुक्त कर दिया। उसने (व्यक्ति ने) इस (पक्षी) के मुलायम और काँपते हुए पंखों को स्नेहपूर्वक थपथपाया (सहलाया) और इसे उड़ जाने दिया। कुछ समय के लिए यह पक्षी काऊ, काऊ प्रसन्नतापूर्वक बोलता हुआ उस व्यक्ति के ऊपर चक्कर लगाता हुआ उड़ा और फिर पहाड़ों की ओर उड़ गया।

वृद्ध व्यक्ति लकड़ी बेचने शहर की ओर चल दिया।

**Firewood for sale ...................................................................in the cold. (Page-20)**

"बिक्री हेतु जलाने की लकड़ी, बिक्री हेतु जलाने की लकड़ी" उसने जोर से आवाज दी। क्योंकि बर्फ से ढकी गलियों में बहुत कम या नगण्य व्यक्ति थे (इसलिए) वह अपने बण्डल का आधा भाग भी नहीं बेच पाया। वह निराश होकर घर लौट आया।

बाद में शाम के वक्त जब वृद्ध दम्पति अपनी झोपड़ी में बैठे चाय पी रहे थे, उन्होंने हवा चलने की ऊँची आवाज सुनी। शीघ्र ही भयानक बर्फ का तूफान बहने लगा। तब अचानक उन्होंने एक धीमी सी आवाज सुनी।

"कृपया दरवाजा खोलो। मैं सर्दी के कारण मरी जा रही हूँ" इस आवाज ने प्रार्थनापूर्वक कहा।

वृद्ध महिला ने दरवाजा खोला और बाहर एक सुन्दर जवान लड़की को सर्दी से काँपते हुए देखकर आश्चर्यचकित हो गयी।

**The old woman let the ......................................................all fast asleep. (Page-21)**
वृद्ध महिला ने उस युवती को अन्दर बुला लिया।
"ऐसी ठण्डी रात को तुम कहाँ से आई हो? वृद्ध महिला ने पूछा। "हम तुम्हारी क्या सहायता कर सकते हैं?"
"मैं तूफान में अपना मार्ग भूल गई हूँ, कृपया आज रात मुझे अपने पास रहने दो।" युवती ने प्रार्थना की।
"तुम्हारा हार्दिक स्वागत है हमारे यहाँ।" वृद्ध महिला ने दयालुतापूर्वक चाय का प्याला (कटोरा उस युवती को) देते हुए कहा।
कुछ समय आराम करने के उपरान्त, उस लड़की ने वृद्ध दम्पत्ति के लिए भोजन पकाया। शीघ्र ही वे गहरी नींद में सो गये।

**Next Morning ..............................................................................outside the cottage. (Page-21)**
अगले दिन सुबह, दम्पत्ति के जागने से पूर्व ही, उसने घर में झाड़ू लगा दिया, कपड़े धो दिये और प्रातःकाल का भोजन तैयार कर दिया। तूफान बाहर अत्यन्त तीव्र था।
"हम तुम्हें इस (भयानक) बुरे मौसम में घर नहीं जाने दे सकते।" वृद्ध व्यक्ति ने लड़की से कहा। "पिताजी, मैं तो बिल्कुल अकेली हूँ और मुझे मेरे लिये जाने की कोई जगह नहीं है।" लड़की ने अश्रुपूर्ण नेत्रों से कहा। "हम वृद्ध और अकेले हैं हम तुम्हें अपने साथ पाकर प्रसन्न होंगे।" उसने (वृद्ध व्यक्ति ने) उस (लड़की) से मुस्कुराते हुए कहा।
लेकिन भोजन के लिए धन न होना उनकी चिन्ता का (मुख्य) कारण था। जब लड़की को इस विषय में जानकारी हुई तो उस (लड़की) ने उनको कुछ सोने के सिक्के दिये और कहा "इन्हें ले लो और कुछ भोजन तथा किमोनो पोशाक बुनने के लिए कुछ रेशम के धागे खरीद लाओ।" वृद्ध व्यक्ति ने ऐसा ही किया। लड़की ने तब एक कपड़े बुनने की पुरानी मशीन को झोपड़ी के बाहर वाले स्टोर रूम में स्थानान्तरित कर दिया।

**I will be weaving ..............................................................................I am doing. (Page-22)**
मैं तीन दिन लगातार कपड़े बनाऊँगी। न तो मैं बाहर निकलूँगी और न मैं कुछ खाऊँगी, पीऊँगी।
मैं तुमसे यह वचन चाहती हूँ कि तुम यह देखने बिल्कुल नहीं आओगे कि मैं क्या कर रही हूँ।"

**The old couple ..............................................................................fit for you. (Page-22,-23)**
वृद्ध दम्पत्ति ने युवती को (यह) वचन दे दिया। लड़की ने रेशम के धागे लिये और (उस) स्टोर रूम में चली गयी। तीसरे दिन, लड़की बाहर आई। उसके पास चमकीले कपड़े का थान (बण्डल) था और वह थकी हुई लग रही थी।
"पिताजी, इसे बाजार में बेच दो तथा मेरे लिए रेशम के धागों का दूसरा बण्डल खरीद लाओ", लड़की ने कहा।
अगले दिन सुबह वह (वृद्ध व्यक्ति) उस रेशम के कपड़े को बेचने शहर गया और प्रसन्नता से पूर्ण आवाज में गाया—"मैं आपके लिये सुन्दर रेशम का कपड़ा लाया हूँ रानी के लिए भी अच्छा और राजा के लिये भी अच्छा ओसकणों से युक्त फूलों की सुनहरी डिजाइन वाले राजकुमारी के लिए निर्मित ओर आप सबके लिये अच्छे।"

**Oh, how gorgeous ..........................................................yarn for the girl. (Page-23)**
"ओह, कितना सुन्दर!" जिसने भी देखा उसी ने कहा। उसे दो थैली सोने और चाँदी (के सिक्के) उस कपड़े से प्राप्त हुए। उसने कपड़े और भोजन (का सामान) खरीदा तथा लड़की के लिये रेशम के धागों का दूसरा बण्डल खरीदा।

**Next day, early ..........................................................in her hand. (Page-23)**
अगले दिन, प्रातःकाल जल्दी, लड़की पुनः रेशम के धागे को स्टोर रूम में ले गयी। इस बार वृद्ध महिला यह जानने के लिये उत्सुक हो गयी कि लड़की अन्दर क्या कर रही थी। यद्यपि वह तीन दिन न भोजन लेती थी और न पानी, फिर भी इतना सुन्दर बुनती थी।
"तुम कमरे के अन्दर झाँक कर क्यों नहीं देखते हो और पता लगाते हो?"
"नहीं, हमें ऐसा नहीं करना चाहिए", वृद्ध व्यक्ति ने जोर देकर कहा।
"लेकिन मैं देखूँगी", वृद्ध महिला ने कहा।
उस (वृद्ध महिला) ने खिड़की की दरार से स्टोर रूम के अन्दर देखा। वह लगभग (डर से) पीली पड़ गयी। एक सुन्दर सारस कपड़े बुनने की मशीन पर थी। वह अपने शरीर से मुलायम पंखों को चोंच से उखाड़ रही थी और चमकीला मुलायम कपड़ा बनाने के लिए उन्हें धागे के रूप में काट रही थी। उसका कमजोर शरीर चमकीले पंखों से लगभग रहित था।

"सहायता करो ! सहायता करो !" वृद्ध महिला चिल्लाई।
" हमारी छोटी सी बच्ची एक बर्फीली सारस बन गयी है।"
लड़की ने (उस) महिला की आवाज सुनी और अपने हाथ में सुन्दर रेशम के कपड़े का थान लेकर चुपचाप कमरे से बाहर आ गयी।

**I am snow crane ..........................................................old woman sadly. (Page-24)**
"मैं एक बर्फीली सारस हूँ। पिताजी ने मेरी जान बचाई और मैं उनकी दयालुता के लिए कुछ करना चाहती थी" कपड़े को डालते हुए उस (लड़की) ने दु:ख पूर्वक कहा। "इसलिए मैंने स्वयं को एक लड़की के रूप में बदल लिया और मैं आपकी सेवा करने लगी मानो मैं आपकी ही बेटी हूँ। मैं जो कुछ भी कर सकती थी कर दिया। कृपया इसे बेच देना और इससे आपको इतना धन मिल जाएगा जो आपके शेष जीवन के लिए पर्याप्त होगा।"
"हमारी प्रिय बच्ची, मैंने अपने वचनों को तोड़ दिया लेकिन हमें मत छोड़ो", वृद्ध महिला ने दु:खपूर्वक कहा।

**I wish I could ..........................................................crane daughter. (Page-24-25)**
"मैं भी इच्छुक हूँ कि मैं रुक सकूँ लेकिन मुझे जाना होगा। वर्ष में एक बार मैं आपके घर के ऊपर से उड़ूँगी और तुम्हें आवाज दूँगी, मैं यह वचन देती हूँ", लड़की ने विनम्रतापूर्वक कहा।
जब वह यह कह रही थी, तभी वह एक सुन्दर सारस के रूप में बदल गयी। उसने अपने पंख फैलाए जो कि बर्फ के कणों की तरह चमके और (वह) बादलों में उड़ गयी और बर्फ के पहाड़ों के बीच अदृश्य हो गयी।
वृद्ध दम्पत्ति को उस रेशम के कपड़े के बदले (बेचने पर) बहुत मात्रा में धन प्राप्त हुआ। सुखपूर्वक जीवन जिया लेकिन उन्होंने अपनी बर्फीली सारस बेटी को (बहुत) याद किया।

## Answers :

**Try Your Knowledge**

**A. Write True or False**

1- False, 2- False, 3- False, 4- False, 5-True

**B. Answer the following questions**

1. The old couple used to gather firewood from the forest and sell it in a nearby town to earn their living.
2. That day when snow was falling and the old man set off for the town to sell firewood, he suddenly heard a strange sound from across the fields on the way. When he enquired, he was astonished to see a beautiful snow crane caught in a hunter's trap. The kind-hearted old man set the crane free and let it fly away.
3. A beautiful young girl came to the couple's house to seek shelter as she had lost her way in the storm.
4. The girl was actually the snow crane whom the old man had once helped. She plucked the soft feathers from her body weaving them into the thread to make gleaming cloth. The old man sold that cloth and earned bags of gold and silver in exchange of the cloth. In this manner, the girl helped the old couple to live a better life.
5. Yes, the old man was a kind-hearted person. Once, while on his way to the town for selling firewood, he heard some strange sounds coming from a nearby field. When he saw, he was astonished to find a beautiful snow crane caught in a hunter's trap. As he was a kind-hearted person, he immediately set the crane free so that it could fly away.
6. The old woman was shocked because the beautiful girl who came to stay in her house was, in fact, a beautiful snow crane.

**C. Choose the correct options**

1- b, 2- a, 3- a, 4- a, 5- a

**Vocabulary**

**A. Use the jumbled words that are used to denote a number of people at the same place.**

1- CROWD, 2- SPECTATORS, 3- COMPANY, 4- TROUPE

**Grammar Zone**

**A. Circle the helping verb and underline the main verb.**

1- will, cost 2. will, play 3. might, drive
4. is, growing 5. should, listen

**B. Are the sentences active or passive?**

1- A, 2- A, 3- P, 4- A, 5- P

**C. Make passive sentences active.**

1. He is making dinner.
2. Charlie is writing a letter.
3. My teachers will read my story.
4. Sheetal is cleaning the car.
5. We have sent out the invitation letters.

**Listening Skills**

Students are requested to perform these activities themselves.

## Lesson-4 Daffodils (नरगिस-बसन्त ऋतु की फुलवारी)

**I wandered lonely ............................................................................. in the breeze. (Page-30)**

बादल की तरह मैं अकेला इधर-उधर भटका (घूमा)
घाटियों और पहाड़ियों के ऊपर तैरा (उड़ा)
जब अचानक मैंने देखा एक समूह
सुनहरी नरगिसों का
झील के किनारे, पेड़ों के नीचे
इधर उधर हिलते हुए और नाचते हवा के झोंकों में।

**Continuous as the stars .......................................................................sprightly dance. (Page-30)**

तारों की तरह लगातार चमकते हुए
और आकाश गंगा पर तीव्र प्रकाश की भाँति,
वे फैले हुए कभी न समाप्त होने वाली पंक्ति में,
एक खाड़ी के किनारे के साथ-साथ
एक ही दृष्टि में मैंने असंख्य (पौधों) को देखा
ऊर्जापूर्ण नृत्य में अपने सिरों (चोटियों) को उठाते हुए।

**The waves beside ..........................................................................me had brought. (Page-31)**

(हवा की) तरंग ने नृत्य किया उन (पौधों) के एक तरफ,
लेकिन उन्होंने प्रसन्नता में उन तरंगों से भी अधिक नृत्य किया।
एक कवि प्रसन्न होने के अतिरिक्त और कुछ नहीं कर सकता,
इस प्रकार की आनन्दपूर्ण संगति में
मैंने बार-बार निहारा (देखा) लेकिन थोड़ा विचार किया।
इस दृश्य ने मुझे कितनी अमूल्य निधि प्रदान की है।

**For oft ..........................................................................the daffodils. (Page-31)**

अक्सर जब मैं लेटा होता हूँ
विचार-शून्य या तनावपूर्ण मन के साथ,
वे (नरगिस के पौधे) मेरी अन्तर्दृष्टि पर अपना प्रभाव डालते हैं।
जो एकान्तवास का वरदान है।

और तब मेरा हृदय आनन्द से भर जाता है।
और उन नरगिस के (फूलों, पौधों) साथ (खुशी से) नृत्य करता है।

## Answers :

**Poem Comprehension**

**A. Answer the following questions**

1. The poet is wandering among the hills.
2. The poet saw a host of golden daffodils.
3. The daffodils were moving their heads in a joyful dance.
4. The poet was happy to be in such a joyful company of daffodils, and the waves.
5. In the poem Daffodils, the poet has exquisitely portrayed the beauty of nature. He relates a personal experience that he perceived once while wandering in nature. He was wandering alone like a solitary cloud in the sky. While walking, he reached a spot where the poet saw pristine scenic beauty. He saw a lake on whose banks were grown daffodils in an uncountable numbers. The flowers were dancing in the gentle breeze blowing. The breeze was also causing ripple of waves in the lake water. The poet felt very joyous in the jocund company of daffodils. The poet stood there long and stored the scenic beauty in his memory. Long afterwards, when the poet grew thoughtful, the gleeful thoughts about the daffodils flashed across his mind and filled him with pleasure.
6. It means that the poet wandered around the valley and the hills in isolation just as the clouds floating above the valley and the hills in the sky.
7. So, often when the poet gets in these downer moods, the image of the daffodils "flashes" through his mind. The "inward eye" expresses what Wordsworth felt to be a deeper, truer spiritual vision. A person cannot share his or her own spiritual vision completely with others, and so it is a form of "solitude." But its truth and beauty make it "blissful."
8. Yes, indeed the daffodils are as beautiful as described by the poet. Their sight makes the poet joyful.

**B. Fill in the blanks by referring the poem**

1- host, daffodils, 2- host, lake, 3- stretched, along, bay, 4- stars, milky, 5- inward

**Vocabulary**

1- imitate : copy, 2- surprising : amazing, 3- desire : wish, 4- scream : shout

**Grammar Zone**

**Underline the most suitable preposition in the bracket**

1- at, 2- over, 3- by, 4- of, 5- on, 6- for

## Lesson-5 Mowgli : The Child of the Jungle (मोग्ली : जंगल का बालक)

**This is the story ...................................................................She continued cooking. (Page-35)**

यह एक छोटे से बच्चे की कहानी है जिसे एक भेड़िये के परिवार ने अपना सदस्य बना लिया था। आओ पढ़ें यह जानने के लिए कि यह सब कैसे और क्यों हुआ ?

एक दिन, देर शाम को लकड़हारों के एक शिविर पर जन्म से ही लँगड़े एक शेर ने हमला कर दिया। सूर्य पहले ही छिप चुका था और शिविर के लोग अपना रात्रि का भोजन तैयार करने में व्यस्त थे।

एक तम्बू में एक बच्चा सो रहा था जिसकी माँ खाना बनाने में व्यस्त थी। बच्चे ने जब धीरे से रोना प्रारम्भ किया था तो बच्चे के तम्बू के बाहर जल रही अग्नि लगभग बुझ चुकी थी। जागने पर बच्चा रोया नहीं इसलिए माँ यह नहीं जान पाई कि बच्चा जागा हुआ था। वह खाना पकाती रही।

**But Sher Khan ....................................................................................his burnt paws. (Page-35)**
लेकिन शेर (खान) ने बच्चे के रोने की आवाज को सुन लिया था। "आज मुझे भोजन के लिए अधिक परिश्रम नहीं करना पड़ेगा" उसने सोचा। "यह बिल्कुल यहीं (आस-पास) है" बच्चे के माँस का विचार मुँह में पानी लाने वाला था। वह चुपके से तम्बू की तरफ गया, वह ध्यानपूर्वक बुझी हुई आग से दूर होता हुआ आगे बढ़ा लेकिन पत्तियों की आवाज ने एक मजदूर का ध्यान खींच लिया। "वहाँ क्या है?" उसने शोर मचाया। शेर (खान) आगे कूदा और न जानते हुए बुझी हुई आग की गरम राख पर पैर रख दिया, अपने पंजे को जला लिया और गुर्राया। उसकी दहाड़ सुनकर लकड़हारे अपनी जान बचाने भागे। (बच्चे की) माँ मूर्छित हो गयी और उन (लकड़हारों) के द्वारा उठाकर ले जाई गयी, केवल छोटा बच्चा वहाँ रह गया। बच्चे ने अब जोर से रोना प्रारम्भ कर दिया क्योंकि वह यह नहीं समझ सका कि आखिर शोर क्यों हो रहा था। उसने पलटी मारी और रेंगते हुए तम्बू के दूसरे सिरे तक पहुँच गया और इस प्रकार उस शेर से बच गया जो आग को गाली दे रहा था और अपने झुलसे हुए पंजे का उपचार कर रहा था।

**"I wonder .......................................................................................she asked. (Page-35-36)**
मुझे आश्चर्य है यह किसका बच्चा है "पिता भेड़िये ने सोचा और तम्बू के समीप पहुँचा।" मैं यहाँ किसी को नहीं देख पा रहा हूँ, हो सकता है यह किसी जानवर की चीख है" ऐसा सोचते हुए उसने चुपके से दूर जाना प्रारम्भ कर दिया। उसने तभी शेर (खान) की छायाकृति देखी और सावधान हो गया, "मुझे अचम्भा है कि वह क्या है?" वह जानने के लिए आगे बढ़ा। "और अधिक नजदीक मत आओ, यह मैं हूँ "शेर खान गुर्राया।" "तुम क्या बात कर रहे थे?" पिता भेड़िये ने पूछा।" वह भूरे रंग का मानव बच्चा, यह मेरी खुराक है" शेर खान ने उत्तर दिया। अब पिता भेड़िया रेंगते, रोते बच्चे के दृश्य को देख सकता था और अपने हृदय में प्रेम की भावना का अहसास (अनुभव) किया। वह एक असहाय छोटे बच्चे का शेर खान द्वारा मारे जाने को सहन नहीं कर सकता था। "मैं तुम्हें ऐसा नहीं करने दूँगा, यह एक बालक है" उसने शेर खान को चुनौती दी (यद्यपि) यह जानते हुए कि यह उसके लिये मंहगी पड़ सकती थी। लेकिन शेर खान दौड़ नहीं सकता था और न पिता भेड़िया को भगा सकता था, जिसने बच्चे को उठा लिया था और अपनी गुफा को दौड़कर चला गया। "यदि मेरा पंजा जला नहीं होता तो मैंने भेड़िया को भी खा लिया होता" खीझते हुए शेर खान बडबड़ाया। जब पिता भेड़िया 'अपनी गुफा में पहुँचा तब माँ भेड़िया अपने चार बच्चों के साथ आराम कर रही थी "तुम किसे ले आए हो?" उसने पूछा।

**"A little hungry crying ..............................................................................named Mowgli. (Page-36)**
"एक नन्हा सा, रोता हुआ आदमी का बच्चा, रक्षा", पिता भेड़िया ने उत्तर दिया। माँ भेड़िया ने आराम पहुँचाने के लिए बच्चे को चाटा। जैसे ही पिता भेड़िया ने बच्चे को जमीन पर नीचे रखा, बच्चा माँ भेड़िया के समीप सरका और (उसके स्तनों को) चूसना प्रारम्भ कर दिया। रक्षा इस बच्चे के कारण बहुत अधिक प्रसन्न थी। "हम इसे अपने साथ रखेंगे और वह हमारे परिवार का एक अंग होगा।" इस प्रकार नन्हा सा बच्चा भेड़िया परिवार में बड़ा हुआ। माँ भेड़िया ने इस बच्चे के बारे अपने सब सदस्यों को बता दिया और उसका नाम मोग्ली रख दिया।

**"When the cubs....................................................................................the black panther. (Page-36)**
जब भेड़िये के बच्चे और नन्हा बालक इतने बड़े हो गये कि उन्होंने जंगल में जीवन-यापन की समस्त तरकीबें सीख ली तो माँ भेड़िया ने पिता भेड़िया से कहा, "तुम्हें मोग्ली को विशेष रूप से प्रशिक्षण देना चाहिए"। पिता भेड़िये ने हँसते हुए सिर हिलाया और सहमति व्यक्त की। मोग्ली को मात्र भेड़िया परिवार में ही नहीं बल्कि अन्यत्र भी अपने रक्षक और मित्र मिले और उसने अन्य जानवरों का भी दिल जीत लिया जैसे-भेड़ियों का नेता अकेला, आलसी भूरा भालू और काला तेंदुआ बघीरा, आदि।

**He would ride....................................................................................by father wolf. (Page-37)**
वह (मोग्ली) पिता भेड़िये की पीठ पर सवार हो जाता था और पिता भेड़िया उसे चलने, सिकुड़कर बैठने और शत्रुओं से बचने की शिक्षा देता था। "जब भी तुम सूखी पत्तियों के कुचलने की आवाज सुनो तो तुम्हें तुरन्त चलना बन्द कर देना चाहिए और चुप रहना चाहिए और वह देखना चाहिए कि कौन जानवर आ रहा है।?" इसी प्रकार उसने विभिन्न जानवरों और पक्षियों की आवाजों के बारे में और उनके अभिप्राय के बारे में बताया। "जब भी बन्दर चिल्लाएं या उल्लू ऊँचे स्वर से बोलें तो तुम्हें अपने आप को छुपा लेना चाहिए।" मोग्ली प्रत्येक बात को ध्यानपूर्वक सुनता और उसे हृदयंगम करता जो कुछ भी पिता भेड़िया द्वारा कहा जाता था।

**The cubs..........................................................................................to relish them. (Page-37)**
भेड़िया के बच्चों को भूरे भालू द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा था। उसने शिक्षक होने के कारण मोग्ली को भी जंगल में जीने के नियम सिखाये। "जब भी तुम्हें मीठा खाने की इच्छा हो तो भिनभिनाती मधुमक्खियों के पीछे जाओ, वे तुम्हें अपने छत्ते तक ले जायेंगी जहाँ से तुम शहद चुरा सकते हो।" और उसने मोग्ली को पेड़ों पर चढ़ना सिखाया और उससे कहा "शहद और मेवे (अखरोट, बादाम, काजू आदि) भी खाने में कच्चे मांस जैसे स्वादिष्ट होते हैं और तुम्हें उन पर निर्भर रहना सीखना चाहिए।

**In this way .......................................................................................from thorns. (Page-37-38)**
इस प्रकार से पिता भेड़िया और भालू ने उस (मोग्ली) को तब तक पढ़ाया जब तक कि वह घास में होने वाली प्रत्येक आवाज, गर्म रात की हवा की हर श्वांस (हलचल), उसके सिर पर उड़ने वाले पक्षियों की प्रत्येक आवाज तथा तालाब में छोटी मछली की प्रत्येक गतिविधि का मतलब पूरी तरह समझने में समर्थ नहीं हो गया।
जब मोग्ली प्रशिक्षण नहीं ले रहा होता था तब वह या तो खाता था या सोता था। जब भी वह गर्मी या गन्दगी का अनुभव करता, जंगल के तालाब में तैरने लगता था।
वह भी भेड़िया परिवार को इतना ही प्यार करता था और जब भी उसके इस परिवार का कोई सदस्य अस्वस्थ हो जाता तो वह सहायता करने का पूर्ण प्रयास करता। एक दिन ऐसा ही हो गया कि पिता भेड़िया बुरी तरह से लँगड़ा रहा था। "क्या हुआ ?" "कुछ नहीं, मेरे पंजे में चोट लग गयी है" मोग्ली ने प्रेमपूर्वक पंजे को हाथ से पकड़ा और उसका सावधानी से निरीक्षण किया। "ओह, मैं जानता हूँ तुम्हें जो चीज परेशान कर रही है" और उस (मोग्ली) ने एक काँटे को खींचकर बाहर कर दिया। अब से यह सामान्य बात हो गयी जैसे कि उसे पता लग गया कि भेड़िया इन काँटों की वजह से बहुत अधिक कष्ट उठाते हैं।

**At night ......................................................................................became its lord. (Page-38-39)**
रात को वह (मोग्ली) बघीरा (तेंदुआ) पर सवार हो जाता था और उसके साथ रात में जानवरों का शिकार करने के लिए जाता था। बहुत बार मोग्ली बघीरा की काली सुन्दर त्वचा पर अपना सिर रख कर सो जाता था।
भेड़िया परिवार एवं मित्रों द्वारा मोग्ली को बहुत प्यार मिला और उसकी अच्छी देखभाल की गयी और उसने जंगल में बहुत अच्छा समय व्यतीत किया।
जैसे-जैसे समय बीता, जंगल में जीवन के विषय में अपने ज्ञान की वृद्धि के साथ अपने अन्दर अन्तर्निहित मानव बुद्धि के कारण मोग्ली जंगल का स्वामी बन गया।

**Difficult words :** devour = भोजन, शिकार, stealthily = चुपके से, alert = सावधान, सचेत, panther = तेंदुआ, rustle = पत्तियों की सरसर की आवाज, pack = समूह, crouch = सिकुड़कर बैठना, grasp = समझना, instinct = अन्तर्निहित।

## Answers :

**Try Your Knowledge**

**A. Answer the following questions**

1. Both father wolf and Bhaloo taught Mowgli the meaning of things in the jungle.
2. Whenever Mowgli felt hot and dirty, he would swim in the forest pool.
3. Bhaloo, the brown bear who was the teacher of Mowgli, taught him the importance of honey and nuts.
4. As Mowgli learnt that wolves suffered terribly from thorns, he used to pull out thorns from their paws and this had become his routine. pulling out thorns from the paws of wolves, a special type service was rendered by Mowgli to wolves.
5. Bagheera roamed in the jungle at night to hunt animals for his food.
6. Besides the wolf family, animals like Akela, the leader of the wolf pack, Bhaloo, the lazy brown bear and Bagheera, the black panther were Mowgli's best friends.

**B. Write true or false for the following**

1- True, 2- True, 3- False, 4- False, 5- True

**C. Who said to whom?**

1. One of the workers said to Sher Khan
2. Sher Khan said to father wolf
3. Father wolf said to Sher Khan
4. Raksha, the mother wolf, said to father wolf
5. Mowgli said to father wolf

**D. Choose the correct option**

1- d, 2- b, 3- c

**Vocabulary**

**A. Fill in the rhyming words**

1- Mind, 2- Might, 3- Neap, 4- Hire, 5- Tame, 6- Frown, 7- Fun, 8- Kick

**B. Match the meaning of the following words**

1- b, 2- a, 3- d, 4- c

**C. Fill in the missing letters to complete the spellings**

1- pleasant, 2- meaning, 3- nearby, 4- boating, 5- hammered, 6- knowledge

**D. Find words from the lesson which have the following meanings**

1- rustle, 2- escape, 3- strengthened, 4- doted, 5- cooing, 6- fainted

**Grammar Zone**

**A. Fill in the blanks with the past tense form of the following verbs**

1- Lived, 2- Saw, 3- Liked, 4- Wrote, 5- Wept, 6- Bought, 7- Caught, 8- Taught, 9- Threw

## Lesson-6 — The Wind (हवा)

**I saw you ...................................................................so loud a song. (Page-43)**

मैंने तुम्हें पतंगों को ऊपर उछालते हुए देखा है।
और पक्षियों को बादलों से ऊपर उड़ाते देखा है।
और सब ओर से तुम्हें गुजरते (गति करते) अनुभव किया है।
जैसे घास के मैदान से गुजरते महिलाओं के वस्त्र हिलते हैं।
हे हवा, सम्पूर्ण समय बहने वाली हवा,
हे हवा, जो तुम इतना जोर से संगीत उत्पन्न करती हो।

**I saw the different ...................................................................so loud a song. (Page-43-44)**

मैंने ऐसी बहुत सी चीजें देखीं हैं जो आपके कारण हुई हैं
लेकिन उन सब को आपने ही छुपा दिया है
मैंने (ऐसा) अनुभव किया जैसे आपने धकेला हो,
मैंने ऐसा सुना जैसे आपने पुकारा हो,
लेकिन मैं आपको (हवा को) कभी नहीं देख पाया।
हे हवा, सम्पूर्ण समय बहने वाली हवा,
हे हवा, जो तुम इतना जोर से संगीत उत्पन्न करती हो।

**O you that ...................................................................so loud a song. (Page-44)**

अरे (हवा) तुम इतनी शक्तिशाली और ठण्डी हो,
अरे (हवा) तुम जवान हो या वृद्ध ?
क्या तुम मैदान और वृक्षों का साधन हो
या फिर मात्र मुझसे शक्तिशाली एक बालक हो ?
हे हवा, सम्पूर्ण समय बहने वाली हवा
हे हवा, जो तुम इतना जोर से संगीत उत्पन्न करती हो।

**Answers :**

**A. Answer the following questions**

1. The wind does different things like tossing the kites high and blowing the birds above the sky.
2. The wind makes its presence felt just like ladies' skirts across the grass.
3. The wind makes a howling sound when the poet says, "O wind, that sings so loud a song".
4. (i) kites flying, (ii) leaves crackling, (iii) flags fluttering, (iv) curtains waving on windowpanes, (v) candles extinguishing.

**Vocabulary**

**A. Fill in the rhyming words**

1- song, 2- mall, 3- brass, 4- free, 5- kid, 6- sigh

**B. Fill in the opposites of the following words**

1- Off, 2- Low, 3- There, 4- Night, 5- Soft, 6- Never

**Activity**

Students are requested to perform this activity themselves.

## Lesson-7 Tenali Raman Paints a Horse (तेनाली रमन एक घोड़े की पेंटिग तैयार करता है)

**दृश्य-1** **(Page-47)**

[राजा एक कलाकार की कलाकृतियों (चित्रों) की प्रशंसा करता दिखाई देता है। राजा के साथ-साथ दरबारी भी इन चित्रों से अत्यधिक प्रभावित प्रतीत होते हैं। तेनाली रमन प्रत्येक व्यक्ति द्वारा उस कलाकार की इस प्रकार से प्रशंसा किए जाने को पसन्द नहीं करता है।]

राजा : तुमने इतने सुन्दर चित्र बनाए हैं। तुम निस्सन्देह बहुत प्रतिभाशाली हो। यह जंगल का चित्र वास्तव में बहुत ही सुन्दर है। मैं इसके माध्यम से जंगल की (हवा की) सुगंध अनुभव कर सकता हूँ। तुमने इसे इतना जीवन्त या सजीव बनाया है।

कलाकार : धन्यवाद, महाराज।

**(Page-48)**

राजा : लो यह हार अपने पुरुस्कार के रूप में लो (अपने गले से हार को हटाता है।)। हमें खुशी होगी यदि तुम हमारे यहाँ रहो और हमारे लिये कुछ चित्र बनाओ।

कलाकार : आपके लिये चित्रकारी करना मेरे लिये सम्मान का विषय होगा और मैं स्वयं को सर्वाधिक भाग्यवान मानता हूँ क्योंकि मुझसे महाराज ने चित्र बनाने के लिए कहा है।

(वह सम्मान प्रकट करते हुए नीचे झुकता है।)

राजा : पहरेदारो! इसे अतिथिशाला में ले जाओ। यह हमारा राजकीय मेहमान है। (कलाकार पहरेदारों के साथ बाहर जाता है।) तेनाली! तुम बहुत शान्त (चुपचाप) रहे हो। तुम्हारी तरफ से एक भी वक्तव्य या प्रतिक्रिया नहीं आई है। मुझे यह कुछ अधिक ही आश्चर्यजनक लग रहा है।

तेनाली : महाराज! मैं आपसे प्रतिरोध करना नहीं चाहता।

राजा : क्यों ? क्या तुम्हें चित्र पसन्द नहीं आये।

तेनाली : ठीक है, यदि आप मेरा मन्तव्य जानना चाहते हैं, तो वास्तव में मैं नहीं जानता कि आखिर क्या चीज आपको अच्छी लगती है। मैं उनको बिल्कुल भी अच्छे चित्र नहीं मानता।

प्रथम दरबारी : (धीरे से दूसरे से कहते हुए) देखो, यह कितना ईर्ष्यालु है ? इसे राजा के द्वारा अपने अतिरिक्त किसी अन्य की प्रशंसा करना अच्छा नहीं लगता है।

द्वितीय दरबारी : लेकिन यह राजा को कैसे समझाएगा कि (ये दिखाए गये) चित्र पुरुस्कार देने योग्य अच्छे नहीं थे।

**(Page-49)**

राजा : तुम ऐसा क्यों कहते हो? ये चित्र सभी दृष्टिकोण से उत्तम हैं, क्या तुम इनमें एक भी त्रुटि निकाल सकते हो?

तेनाली : उत्तम ? महाराज, आदर के साथ आपको बताना चाहता हूँ कि पूर्ण उत्तम होना तो दूर रहा, इनमें से एक भी चित्र विवेकपूर्ण कलाकृति होने के समीप भी नहीं है (वह असहमति और घृणा के भाव से सिर हिलाता है)

राजा : तो हमें बताओ (इनमें) जो कमियाँ हैं।

तेनाली : इसको देखो (एक चित्र उठाता है) तुम इसमें बने आदमी की केवल एक आँख देख सकते हो, इस चिड़िया को देखो (दूसरे चित्र की ओर संकेत करता है) यह आकाश में उड़ रही है लेकिन केवल एक पंख से, महिला ने केवल आधा वस्त्र पहन ...................(वाक्य को बीच में ही छोड़ देता है।) ! राजा जोर से हँसना प्रारम्भ कर देता है।

तेनाली : मुझे पता था कि आप शीघ्र ही इस बात से सहमत हो जाओगे कि ये सभी चित्र कितने भद्दे हैं।

**(Page-50)**

राजा : प्रिय तेनाली (अपनी हँसी को रोकने का प्रयत्न करता है) मैं चित्रों पर नहीं हँस रहा हूँ। मुझे तुम्हारी प्रतिक्रिया सर्वाधिक मनोविनोदपूर्ण लग रही है। मैं तुम्हें सर्वाधिक बुद्धिमान मानता था। मुझे नहीं पता था कि तुम इतने नासमझ भी हो सकते हो।

तेनाली : (अपमानित सा दिखाई देते हुए) नासमझ ?

राजा : हाँ, तेनाली, क्या तुम जानते हो कि सभी सतहें चित्रित नहीं की जा सकतीं।

तेनाली : तो उन सतहों का क्या होता है।

राजा : ये क्या मूर्खतापूर्ण प्रश्न है? उनके बारे में तो प्रत्येक को कल्पना करनी पड़ती है।

(दरबार में उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति हँसने लगता है।)

तेनाली : यदि ऐसा है तो पूर्ण उत्तम कला क्या है, मैं यह शर्त के साथ कह सकता हूँ कि मैं इनसे उत्तम चित्र बना सकता हूँ।

राजा : और मैं एक थैली स्वर्ण मुद्राओं की शर्त रखता हूँ जितनी तुम नहीं रख सकते। मैं तुम्हें एक महीने का समय दूँगा। तुम दरबार से भी अनुपस्थित रह सकते हो। यदि तुमने इन चित्रों के आधे से भी अधिक सुन्दर एक भी चित्र बना दिया तो मैं तुम्हें एक थैली स्वर्ण मुद्रा ही नहीं बल्कि "कलाकारों का राजा" की उपाधि प्रदान करने का वचन देता हूँ।

तेनाली : मैं चुनौती स्वीकार करने की इच्छा रखता हूँ। मैं वचन देता हूँ कि मेरे चित्र इनसे उत्तम होंगे। (दरबारी आपस में एक-दूसरे से धीमे स्वर में बात करना प्रारम्भ कर देते हैं उनमें से कुछ तेनाली को संकेत करते हुए हँसते हैं। तेनाली उनकी तरफ देखता है और क्रोधपूर्वक बाहर चला जाता है।)

**(Page-51)**

प्रथम दरबारी : इस बार तेनाली अवश्य शर्त हार जाएगा। प्रत्येक जानता है कि तेनाली चित्र बिल्कुल नहीं बना सकता।

द्वितीय दरबारी : श्रीमान जी, दूसरी उपाधि जीतने के प्रयास में तेनाली सर्वाधिक बुद्धिमान व्यक्ति की अपनी उपाधि भी खो देगा।

राजा : वह बहुत चतुर है। यद्यपि उसके दावे से थोड़ा आश्चर्यचकित हूँ लेकिन मुझे विश्वास है कि वह जानता है जो कुछ भी वह करने वाला है।

**दृश्य-2**

(राजा और दरबारी उत्सुकता से प्रतीक्षा करते प्रतीत हो रहे हैं क्योंकि महीना समाप्त हो गया है और तेनाली अब तक दरबार में नहीं आया है।)

राजा : आज हमें दरबार में अन्य क्या-क्या कार्य करने हैं।

**(Page-52)**

प्रथम दरबारी : श्रीमान जी, आज वह दिन है जिस दिन तेनाली को दरबार में अपने चित्र दिखाने है।

राजा : लेकिन वह (तेनाली) कहाँ है? उसे अब तक यहाँ होना चाहिए था। अब तक देर हो चुकी है और मुझे दोपहर के भोजन के लिये जाना है।

द्वितीय दरबारी : ऐसा प्रतीत होता है कि तेनाली अभी भी अपने चित्रों को बनाने में व्यस्त है।

तृतीय दरबारी : शायद वह चित्रकारी में इतना खो गया है कि समय सीमा को भूल गया है।

चतुर्थ दरबारी : तुम्हें नहीं पता। हो सकता है कि उसके चित्र इतने आश्चर्यजनक हों कि वह उनसे दूर होना नहीं चाहता हो।

राजा : बहुत हो गया। कोई उसके घर जाए और यह बताए कि वह शर्त के साथ-साथ एक थैली स्वर्ण (मुद्रा) भी हार चुका है।

द्वितीय दरबारी : क्या उसे दरबार का मूल्यवान समय नष्ट करने एवं राजा को प्रतीक्षा कराने के लिए दण्डित नहीं किया जाना चाहिए।

तृतीय दरबारी : मैं तुमसे सहमत हूँ।

चतुर्थ दरबारी : रुको, वह वहाँ है (आ चुका है)! वह चित्र के साथ आता प्रतीत होता है। मुझे आश्चर्य है कि यह एक कपड़े में क्यों ढकी हुई है?

**(Page-53)**

(तेनाली दो व्यक्तियों के साथ आता है। जो कपड़े से ढकी कोई वस्तु लेकर आए हैं। तेनाली संकेत करता है और (दो) आदमी कपड़ा हटाते हैं एक बड़ा सफेद केनवास दिखाई देता है जिस पर केवल दो काले रंग के निशान दायीं तरफ तथा कुछ हरी लकीरें नीचे तली में खींची हुई हैं।)

तेनाली : महाराज, नमस्कार! मैंने आपको अधिक सुन्दर चित्र बनाने का बचन दिया था और मैं आपके सामने एक आकर्षक घोड़े का चित्र उपस्थित करता हूँ। यह एक आश्चर्यजनक भूरे रंग के घोड़े का चित्र है जिसके माथे पर सफेद तारानुमा चिन्ह हैं। देखो, इसकी रत्नजड़ित चमड़े की काठी किसी राजपुरुष की सवारी के योग्य

ही है। लेकिन मुझे यह विचार करने में बहुत समय लग गया कि मैं इसकी लगामों को (लटक कर) घिसटती हुई दिखाऊँ या अन्य किसी प्रकार से। ठीक है, यह तो सच है कि आप सर्वोत्तम निर्णायक हैं।

राजा : तेनाली, यह किस प्रकार का मजाक है? मुझे कोई चित्र दिखाई नहीं देता है। यह सर्वाधिक व्यर्थ है। तुम मुझे मूर्ख बनाने का प्रयत्न कर रहे हो।

**(Page-54)**

तेनाली : श्रीमान, मैं ऐसा (साहस) नहीं कर सकता। क्या आपको याद है कि आपने स्वयं ही कहा था किसी चित्र को देखते समय व्यक्ति को अपनी कल्पना शक्ति का प्रयोग करना पड़ता है। इस चित्र को देखते समय आप कल्पना कर सकते हैं कि वह शानदार घोड़ा घनी हरी घास चरने केनवास के पर्दे से बाहर चला गया है क्योंकि यहाँ आप उसकी घिसटती हुई लगाम और हरी घास के कुछ अंश भी देख सकते हैं।

राजा : तुम पुराने अद्भुत जीव, तुमने मेरे ही वाक्यों को दोहराकर पुन: अपने आप को सर्वाधिक बुद्धिमान सिद्ध कर दिया है। मन्त्री, कृपया सोने की (मुद्रा की) थैली लाओ और इसे तेनाली को दो जो हमारे राज्य का सर्वाधिक चतुर आदमी है।

**Difficult words :** engrossed = अत्यन्त व्यस्त, magnificent = आकर्षक, challenge = चुनौती, courtiers = दरबारी, penalize = दण्डित किया, stallion = घोड़े की नस्ल, ridiculous = व्यर्थ।

## Answers :

**Try Your Knowledge**

**A. Answer the following questions**

1. As the king liked the painting made by the artist, he invited him to stay as his guest so that he could paint a few more paintings for the king.
2. Tenali did not like the paintings and was not impressed by them because according to him the paintings were incomplete and absurd.
3. The bet between the king and Tenali was that if Tenali could produce a single painting that was half as good as the paintings made by the artist, then he would not only get a bag of gold but also the title of king of artists also.
4. At the end of the month, Tenali brought a big white canvas with only two strokes of black on the right hand side and a few green lines at the bottom.
5. Tenali told the king that he had presented a stunning brown stallion with a white star on its forehead on the canvas. The king became offended on this because there was no horse on the canvas. Then Tenali asked the king to remember that the king himself had asked Tenali to imagine things while observing a painting. So, he requested the king to imagine the presence of a royal horse on the canvas. In this manner, Tenali proved his wit once again and won the bet.

**B. Write true or false for the following**

1- False, 2- True, 3- True, 4- False, 5- False

**C. Who said to whom?**

1. The king said to the artist
2. Tenali said to the king
3. Courtier 1 said to the king
4. The king said to the courtiers
5. The artist said to the king

**D. Choose the right options**

1- c, 2- b, 3- d

**Vocabulary**

**A. Fill in the rhyming words**

1- rope, 2- nun, 3- mail, 4- rock, 5- hid, 6- mend

**B. Find words for the following meanings from the lesson**

1- royal, 2- delighted, 3- fortunate, 4- defect, 5- ignorant

**C. Fill in the missing letters to complete the spellings**

1- problem, 2- engrossed, 3- trouble, 4- observing, 5- magnificent

**D. Fill in the words from the box**

1- delighted, 2- defect, 3- ignorant, 4- royal, 5- fortunate

**Grammar Zone**

**A. Underline the error and write the correct word in the given space**

see-saw, liked-like, over-on, see-saw, spoil-spoiled, showed-show, is-was, come-came, have-had

**B. Pick the correct pronouns from the bracket to complete the sentences**

1- us, 2- me, 3- her, 4- them, 5- me, 6- me, 7- him, 8- they, 9- you, 10- it

**Let's Write and Activity**

Students are requested to perform these themselves.

## Lesson-8 — The Owl (उल्लू)

**At night ......................................................old pine tree. (Page-60)**

रात को, जब सब कुछ शान्त होता है,
जंगल का चौकीदार
पहाड़ियों से होता हुआ उड़ता है।
और बैठ जाता है एक पुराने देवदार के पेड़ पर

**A friendly ......................................................mellow. (Page-60)**

उसकी मित्रतापूर्ण उपस्थिति में
कोई हानि नहीं हो सकती
उस रात्रि में शिकार के लिये विचरण करने वाले पक्षी से
उसकी आवाज मधुर होती है।

**Much softer ......................................................must speak. (Page-60)**

मोर की ध्वनि से भी मधुर
तब क्यों उल्लुओं की आवाज से (लोग) डरते हैं।
रात में होने वाली आवाजों से
यदि मनुष्य को बोलना चाहिए (तो)

**Then owls ......................................................all's well. (Page-61)**

तब उल्लूओं को भी बोलना चाहिए
उनको अधिकार है।
मुझ पर इससे कोई फर्क नहीं पड़ता
बल्कि यह ऐसा प्रतीत होता है कि (उल्लू की आवाज कहती है)
"रात्रि अच्छी है और सब कुछ ठीक है सब कुछ ठीक है।"

**Difficult words :** still = शांत, sentinel = चौकीदार, perch = बैठना, prowl = शिकार ढूँढ़ना, spell = मंत्र, प्रभाव या जादू।

## Answers :

**Poem Comprehension**

**Answer the following questions**

1. The owl is called the forest sentinel because owls remain awake at night time just like a watchman.
2. Through this poem 'The Owl', Ruskin Bond wants to comment on the superstition though people consider hooting of an owl ominous, while it is not so. The hint that we get from the poem about why people fear the owl comes from the line- "On me it casts no spell".
3. The poet justifies the cry of the owl by stating that just as man has the right to speak, owls also have the right to hoot.
4. According to the poet, the owl means no harm when it howls, rather in the silence of the night he glides through the sky saying 'all is well, all is well.'

**Vocabulary**

1. skill, 2- right, 3- smell, 4- scowl, 5- free, 6- dear

**Let's Write**

Students are requested to perform these activities themselves.

## Lesson-9 A Friend in Need (जरूरत में एक दोस्त)

**I could see ..........................................................................................quite nearby. (Page-64)**

मैं सूरज को ढलते हुए देख सकता था और मैंने वन पार्क से लौटने का निर्णय किया। जल्दी पहुँचने के लिए घुमावदार रास्ते को छोड़कर मैंने पार्क से होकर जाने वाले रास्ते का चयन किया। शीघ्र ही मैंने अनुभव किया कि मैं अपना रास्ता भटक गया था। "क्या मैं अपना रास्ता भटक चुका हूँ?" मैंने भय मिश्रित आश्चर्यपूर्वक सोचा। (अँधेरे के कारण) परछाइयाँ बड़ी होती जा रहीं थीं। परिस्थिति को और बुरी बनाते हुए मैंने एक तीव्र, भारी गुर्राने की आवाज अपने बहुत समीप अनुभव की।

**I could swear ..........................................................................................tall pine trees. (Page-64-65)**

मुझे पूरा विश्वास है वह एक भालू था। फिर भी यह भी उतना ही सच है कि इस क्षेत्र में भालू नहीं पाए जाते थे। मैं आवाज की ओर चला, तब मैंने कुछ दूरी पर एक साफ जगह देखी। इस साफ जगह के दूसरी तरफ विशेष प्रकार की एक लम्बी और नीची-सी सरंचना देखी। पास पहुँचने पर मैंने देखा कि यह भालुओं के लिए बड़ा सा पिंजड़ा था। "इस प्रकार मैंने जो कुछ भी सुना वह गलत नहीं था।" मैंने सोचा और आगे बढ़ा। मैंने पिंजड़े के पास एक छोटा-घर देखा। यह ऊँचे देवदार के वृक्षों के बीच बना (खड़ा) हुआ था।

**As I neared ..........................................................................................behind her ears. (Page-65)**

जैसे ही मैं घर के समीप पहुँचा, एक आदमी बाहर निकला और मेरे पास आया। "मैं मत्सुता हूँ (और भालुओं की देखभाल करने वाला) तथा वन विभाग का कर्मचारी हूँ। उसने कहा। "मैं इस स्थान में नया हूँ मैं अपना मार्ग भूल गया हूँ, क्या आप मेरी सहायता कर सकते हैं?" मैंने कहा। "आओ, तुम क्यों न मेरे साथ थोड़ी कॉफी पिओ? तुम सर्दी से पीड़ित हो इसके उपरान्त मैं तुम्हें वहीं पहुँचा दूँगा जहाँ तुम जाना चाहते हो।" उसने मुझे आमन्त्रित किया। "यह तो वास्तव में अच्छा होगा " मैंने कहा। तब उसने उस जगह के बारे में पूछा जहाँ मैं रुका हुआ था और मैंने उसे शिकारी गृह की जानकारी दी। "ओह, वह तो यहाँ से लगभग तीन किलोमीटर दूर है लेकिन चिन्ता मत करना। मैं तुम्हें मार्ग पर पहुँचा दूँगा।" उसके पश्चात उसने मुझे उन भालुओं के विषय में बताया जिन्हें यहाँ जनन के लिए लाया गया था क्योंकि वे रूस के इस भाग में लगभग विलुप्त हो चुके थे। और ये भालू शान्त एवं विनम्र स्वभाव के थे और वे बहुत लम्बे समय से चिड़ियाघरों में रह चुके थे। वे पूर्णत: पालतू थे और मत्सुता की उपस्थिति के अभ्यस्त हो चुके थे। वास्तविकता यह है कि वह (मत्सुता) इनके पिंजड़ों में स्वतन्त्रतापूर्वक आता जाता था। हालांकि एक कम उम्र की मादा भालू ने कुछ असामान्य क्रोध व्यक्त किया था। लेकिन वह (मादा भालू) भी उसके हाथ से खाना ग्रहण करती थी और उसे अपने कठघरे में आने देती थी और अपने कानों के पीछे खुजलाने देती थी।

**Then one day ..........................................................................................pointed the way. (Page-65-66)**

"तब एक दिन " मत्सुता ने कहा, "मैंने पाया (देखा) कि उस (मादा भालू) ने कठघरे के लकड़ी के फर्श को दाँतों से काट दिया था और जंगल में निकल भागी थी। मेरी भी इच्छा थी कि मैं देखूँ कि वह एक स्वतंत्र जानवर के रूप में क्या कर रही थी " भालुओं की कहानी

यथार्थ में बड़ी रोचक है लेकिन मुझे (देर होने का) भय है (और) मुझे अब चलना चाहिए। आप से मिलकर बहुत खुशी हुई" मैंने उससे हाथ मिलाते हुए कहा। "अब मैं आप को मुख्य सड़क तक पहुँचा देता हूँ" यह कहते हुए मत्सुता मेरे साथ चल दिया और तब रास्ते की ओर संकेत किया।

**After some days ......................................................................................near the forest. (Page-66)**
कुछ दिन बाद मैं रूस के उस भाग को छोड़कर घर लौट आया। (परन्तु) मैं मादा भालू के विषय में अपने विचारों (चिन्तन) को न रोक सका। मैं (लगातार) अपने वन विभाग के कर्मचारी मित्रों से पूछता रहा जो मुझे बताते थे कि वह जंगल के विभिन्न हिस्सों से कभी-कभी दिखाई देती रहती थी। मुझे बताया गया कि जंगल में उसका जीवन आरामदायक और निश्चिन्त था। पाँच साल बीत गये। मुझे मत्सुता एक रेलवे स्टेशन पर मिला। तब उसने मुझे बताया कि वह सेना में चला गया था और किस प्रकार जंगल के समीप आतंकवादियों ने उस पर घात लगाकर हमला किया और उसके बाँए कंधे में चोट लग गयी।

**He continued ....................................................................................so much had happened. (Page-66)**
उसने अपनी बात आगे जारी रखी, "मैंने उनसे बचकर निकलना चाहा लेकिन मेरी शक्ति समाप्त हो गयी थी और धुँधले प्रकाश में रास्ता पाना मेरे लिये कठिन था। यह फरवरी का महीना था और मेरे पुराने कोट ने मुझे उस ठण्ड में थोड़ी-सी ही सहायता दी। मैं एक उखड़े हुए पेड़ के पास गिर पड़ा।
"तब क्या हुआ?" मैंने उत्सुकतापूर्वक पूछा। यह अविश्वनीय था कि मैं उससे पुन: मिला और इतना कुछ घटित हो चुका था।

**Then I felt ......................................................................................sniffed me. (Page-67)**
"तब मेरा शरीर बर्फ जैसा ठण्डा पड़ गया और मैं बेहोश हो गया"
"तुम्हें किसने बचाया?"
"हाँ, यह एक पुराना मित्र था। जब मुझे होश आया तो मैंने अँधेरे में गहरी श्वांस और खर्राटे जैसी आवाज सुनी और इसके साथ-साथ ओठों के टकराने की एवं धीमी गुर्राने की आवाजें भी थी।"
"तुम आखिर थे कहाँ?"
"एक गुफा में"
"गुफा में तो भालू ने तुम पर आक्रमण क्यों नहीं किया?"
"नहीं, जब मैंने अपनी आँखें खोली तो मैंने अपने ऊपर नीचे धूल भरी छत को देखा (और) तब मेरा हाथ भालू के घने बालों से छूते हुए निकल गये।" यह शायद मेरा भालू है "मैंने विचार किया। मैंने इसे थपथपाया और इसके कानों के पीछे खुजलाया। इसने अपना सिर उठाया और मुझे सूँघा।"

**Didn't you get ......................................................................................lair from above. (Page-67-68)**
"क्या तुम्हें डर नहीं लगा?"
"प्रारम्भ में मुझे डर लगा लेकिन इसने मेरी पीठ को चाटा और मैं जान गया कि निश्चित ही वह मेरा भालू था। मैं समझ गया कि यह मुझे बिना किसी कारण नुकसान नहीं पहुँचाएगा। अत: मैं निश्चिन्त हो गया और अपने सिर को भालू की चौड़ी गरम बगल के सहारे रखकर सो गया।"
"तुम वहाँ कितने समय तक रहे?"
"मुझे नहीं पता कि मैं कितनी देर सोया। जागने पर मैंने पाया कि अभी अँधेरा था लेकिन मुझमें पुन: शक्ति (स्फूर्ति) आ गयी थी, इसलिए मैं अपना मार्ग खोजने के लिए धीरे से बाहर आ गया। मैं एक धीमी स्लेटी रंग की रोशनी के पीछे चला जो (कहीं) ऊपर से (उस) गुफा में आ रही थी।

**How did you ...................................................................................... bear and Matsuta. (Page-68)**
"तुम बाहर कैसे आए?"
"मैंने जमीन से बाहर निकली हुई एक जड़ में अपने पैर को फँसाया और कन्दरा (गुफा) से बाहर निकल आया। ठण्ड से छुटकारा मिल गया था हालांकि और सब परिस्थितियाँ वैसी की वैसी थी। फिर मैंने अपने भालू को धीरे से धन्यवाद दिया मेरे ऐसे गरम और सत्कारपूर्ण स्वागत के लिए।"
"तब (क्या हुआ)"

"तब शाम को मैं अपनी सैनिक टुकड़ी में था।"
"इसलिये मैं सोचता हूँ कि उस मादा भालू का कठघरे से निकलना आपके भले के लिए था।"
हम पुराने (लम्बी मित्रता वाले) मित्रों की तरह हँसे। एक-दूसरे के पते लेने और एक-दूसरे के सम्पर्क में रहने का वचन देकर हम अलग हो गये (अपने-अपने गन्तव्य की ओर चल दिए)। मैं पुन: उस मादा भालू और मत्सुता के विषय में सोचने से स्वयं को न रोक सका।

**Difficult words :** winding = घुमावदार, dismay = भयमुक्त आश्चर्य, temper = क्रोध, gnaw = दाँतों से काटना, ambush = घात लगाना, incredible = अविश्वास योग्य किन्तु सत्य, rescue = बचाना, बचना।

## Answers :

**Try Your Knowledge**

**A. Answer the following questions**

1. As the author had lost his way in the forest park and was wandering, he came across a large cage for bears beside which there was a small house of the forest ranger. In this manner, the author met the forest ranger.
2. The she-bear had gnawed through the wooden floor and escaped into the forest.
3. Matsuta was in the army and one day he was wounded in the left shoulder due to a terrorist attack.
4. When the forest ranger patted the she-bear and scratched behind its ears, it lifted its head and sniffed him and thus responded to the forest ranger's presence in the lair.
5. Matsuta followed the dim grey light which broke into the liar from above. he braced his foot against a tangled root sticking out from the ground and rose out of the lair.

**B. Who said to whom?**

1. The author said to himself
2. Matsuta, the forest ranger, said to the author
3. The author said to the forest ranger Matsuta.
4. Matsuta said to himself
5. The author said to Matsuta

**C. Write true or false for the following**

1- True, 2- True, 3- True, 4- False, 5- False, 6- True

**D. Choose the right options**

1- d, 2- c, 3- d

**Vocabulary**

**A. Find words for the following meanings from the lesson**

1- vicinity, 2- horizon, 3- escape, 4- peculiar

**B. Fill in the missing letters to complete the spellings**

1- horizon, 2- darkness, 3- caretaker, 4- vicinity, 5- smacking

**Grammar Zone**

**A.** 1- weight-wait, 2- Wood-Would, 3- so-sow, 4- waste-waist, 5- week-weak, 6- pane-pain, 7- flew-flu, 8- herd-heard, 9- rode-road, 10- scene-seen

**B. Punctuate the given paragraph.**

A poor country mouse invited his friend, a town mouse, to his home for dinner. The town mouse arrived all dressed-up. As he looked around the countryside, he muttered to himself, "What a different place this is! There are neither carriages nor stores. I see nothing, but old-looking houses and fields."

**Let's Write**

Students are requested to perform this activity themselves.

## Lesson-10 On killing a Tree (एक पेड़ को काटने के सन्दर्भ में)

**It takes ......................................................................... will do it. (Page-74)**

एक पेड़ को मारने (काटने) में बहुत समय लगता है
चाकू (कुल्हाड़ी) का एक साधारण-सा प्रहार
ऐसा नहीं कर सकता! यह धीरे-धीरे बड़ा होता है।
धरती के मूल तत्वों को अपने अन्दर लेते हुए,

इस (धरती) से (धीरे-धीरे) ऊपर निकलते हुए,
इस (धरती) की मृदा का भोजन के रूप में प्रयोग करते हुए,
बहुत वर्षों के सूर्य प्रकाश, हवा और पानी का अवशोषण करते हुए,
और इसके भद्दे से दिखने वाले छाल के कवच के बाहर होती है।

अंकुरित (पल्लवित) होती पत्तियाँ
इसलिए प्रहार करना और काटना
लेकिन यह केवल (काटना) वह सब कुछ नहीं कर सकता।
(इससे) इतना अधिक दर्द नहीं होगा।

**The bleeding bark ............................................................ exposed. (Page-75)**

घायल छाल तो भर जायेगी (ठीक हो जायेगी)
और धरती की सतह के समीप से
(छोटी-छोटी) मुड़ी हुई हरी टहनियाँ निकलेंगी
(जिन से बनती हैं) छोटी-छोटी शाखाएँ
जिन्हें यदि रोका (तोड़ा या काटा) न जाए (तो)
पुन: विकसित (हो जाएँगी)
पहले वाले आकार में।
नहीं (लेकिन लोग केवल यहीं तक नहीं रुकते)
(बल्कि) जड़ को बाहर खींचना होगा
पौधों को जकड़ने वाली भूमि से बाहर
इसको रस्से से बाँधना होता है
और बाहर की ओर खींचना होता है, तोड़ना होता है।
या पूर्णत: बाहर की ओर खींचना होता है
भूमि में बनी गुफा जैसी जगह से बाहर
और पेड़ की (समस्त) शक्ति (को)
बाहर कर दिया जाता है (समाप्त कर दिया जाता हैं)

**The source ............................................................ it is done. (Page-76)**

स्रोत, सफेद और नम
सर्वाधिक संवेदनशील, छुपा हुआ
सालों से जमीन के अन्दर
तब (वह) द्रव्य
झुलसाने वाला और श्वास रोकने वाला
धूप और हवा में

गहरे रंग में बदलता, कठोर होता,
(सूखकर) ऐंठन में बदलता, मुरझाता
और तब (जाकर) एक पेड़ मरता है।

**Difficult words :** jab = प्रहार या धक्का, crust = ऊपरी सतह, leprous = भद्दी, sprout = छोटी पत्तियाँ निकलना, उगना, chop = काटना, curled = मुड़ी हुई, boughs = शाखाएं, anchoring = पकड़ने या जकड़ने वाली।

## Answers :

**Poem Comprehension**

**A. Answer the following questions.**

1. A tree grows slowly from the soil in many years with the help of sunlight, water and air.
2. Killing a tree is not a simple job because as it has grown over many years it is very strong and tough.
3. In order to stop the tree from expanding again after it is cut down, its roots should be pulled out completely.
4. The actual strength of the tree lies in its roots which are present under the ground.

**B. Explain the following lines as per your understanding.**

1. The poem begins with the poet stating that it takes a lot of doing to kill a tree. He seems to be comparing it to the life of human beings. He says just like stabbing a human with a knife may not lead to death, the tree cannot be killed by merely attacking it with an axe. It takes a lot of time. The poet explains that the tree has grown slowly over the years by feeding on the earth, absorbing water and getting nourished by the soil. It has also absorbed sunlight and oxygen for many years. **"Leprous hide"** refers to the discoloured bark of the tree which resembles a leper's skin and where small leaves start growing.
2. To kill a tree, one has to attack the roots of the tree by pulling it out of the earth i.e., the source of its existence has to be destroyed by taking it out of its place of security and stability. The root should be tied with a rope and pulled out entirely from its safe place below the earth or it should be snapped out of there. The root, which is the source of strength for the tree, and also the most sensitive part as it is hidden inside the earth for years, must be exposed.

   In humans, the source of existence is the heart which has to keep functioning for one to remain alive. A person may not die of injuries, broken bones or amputation of limbs, but if the heart stops, the person dies. The poet wants to convey that to kill anyone or anything, it must be killed at the heart or source of existence. Similarly, a person's family, friends and loved ones might be their source of strength. He may not be hurt on loss of materialistic things but if their loved ones or social status is snatched away, their soul is deeply hurt and they feel their life is shattered.
3. After the roots have been exposed, it is only a matter of getting burnt in the sun and choking in the air. Here, the burning or scorching may refer to the discolouring of the root and choking may refer to drying up. It goes through browning, hardening, twisting, withering and then it is finally killed.

   A person may have to go through a lot of suffering before the heart finally comes to a stop and the person dies. Also, when a person is separated from his loved ones or the society, he goes through a lot of painful emotions and grief until he feels completely broken from within.

**Vocabulary**

**A. Fill in the missing letters to complete the words**

1- crust, 2- hidden, 3- miniature, 4- strength, 5- bough, 6- former, 7- expand, 8- unchecked

**Grammar Zone**

1- dangerous, 2- murderous, 3- suspicious, 4- furious, 5- industrious, 6- leprotic, 7- laborious, 8- exposed, 9- glorious, 10- closed

**B. Fill in the blanks with correct form of the noun given in the brackets**

trees, children, fruits, firewood, houses, furniture, leaves, water vapour, air.

**Let's Write**

Students are requested to perform this activity themselves.

## Lesson-11 Fool's Paradise (मूर्खों का स्वर्ग)

**Long time ago ............................................................. towards his family. (Page-81-82)**

बहुत समय पहले की बात है बगदाद शहर में एक धनी आदमी रहता था। उस का नाम कादिश था। वह एक महल जैसे विशाल घर में रहता था। उसका एक ही बेटा था जिसका नाम अत्जेल था । उसी घर में एक लड़की रहती थी जो अनाथ थी और जिसकी देखभाल कादिश एवं उसकी पत्नी द्वारा की जाती थी। लड़की का नाम अक्साह था। अत्जेल और अक्साह, दोनों समान आयु के थे। अन्य बच्चों की तरह वे (भी) साथ-साथ खाते, पढ़ते और बड़े हो जाएंगे तो वे आपस में विवाह कर लेंगे। जैसे-जैसे समय व्यतीत हुआ और वे बड़े हुए (तो) अत्जेल ने अनुभव किया कि उसे अपने पिता के व्यवसाय में उनकी सहायता करनी पड़ेगी। वह स्वभाव से आलसी था और परिश्रम करना पसन्द नहीं करता था। दिन-रात वह अपने परिवार के प्रति दायित्वों से बचने के रास्ते खोजा करता था।

**He had an old ............................................................. possible. (Page-82)**

उसके यहाँ एक वृद्ध परिचारिका (नर्स) थी जिसके साथ उसने बचपन के दिन बिताए थे। जब वह नर्स उसे सुलाती थी तो उसे (ऐसे) स्वर्ग की कहानियाँ सुनाया करती थी। जहाँ काम करना या पढ़ना आवश्यक नहीं था। वहाँ पर (प्रत्येक) उत्तम भोजन करता था, सर्वोत्तम शराब पीता था, दिन में सोता था और किसी के पास कोई कार्य नहीं था। शीघ्र ही अत्जेल (का दिमाग) किसी भी प्रकार से ऐसे स्वर्ग में रहने के विचारों से भर गया। अचानक अत्जेल गंभीर रूप से बीमार पड़ गया। उसने कल्पना की, कि वह मर गया था। जब भी कोई उससे कुछ कहता, वह (अत्जेल) कहता "मैं मर गया हूँ आप विश्वास क्यों नहीं करते हो?" मुझे भोजन की आवश्यकता नहीं है मैं तो सिर्फ स्वर्ग जाना चाहता हूँ।" ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि उसे पता था कि केवल मर कर ही स्वर्ग पहुँचा जा सकता था। "कोई यह बात क्यों नहीं समझता है कि मैं यथासंभव शीघ्रता से स्वर्ग प्राप्त करना चाहता हूँ?"

**He would ask ............................................................. can be done. (Page-82-83)**

वह अपने माता पिता, अक्साह और नौकरों से पूछा करता था। शीघ्र ही उसने खाना-पीना बन्द कर दिया और बहुत पीला (कमजोर) हो गया। अब उसके माता-पिता बहुत व्यग्र (चिन्तित) थे। उसकी माँ ने अपने पति से कहा, "कादिश, आपको अन्य शहरों के डाक्टरों से परामर्श करना चाहिए। हो सकता है वे हमारे पुत्र की इस अजीब बीमारी का इलाज बता सकें।" कादिश ने अपने सेवकों को अन्य स्थानों के चिकित्सकों को बुलाने के लिए भेजा। वे आए और अत्जेल का परीक्षण किया लेकिन उन सबने एक ही बात कही, "जब तक अत्जेल यह विश्वास नहीं करेगा कि वह जीवित है तब तक कुछ भी नहीं किया जा सकता।"

**"I wish I know ............................................................. our son as well. (Page-83)**

"मैं सोचता हूँ काश मुझे पता होता वह तरीका जिससे अत्जेल यह विश्वास करने लगता कि वह मृत नहीं है", कादिश ने अपनी पत्नी से कहा। उसकी पत्नी ने कहा, "मैंने सुना है कि एक डॉक्टर है जो बहुत सनकी है लेकिन बहुत सक्षम (योग्य) है उसने ऐसे बहुत से लोगों का जीवन बचाया है जिनकी स्थिति बहुत गंभीर थी। हो सकता है वह हमारे पुत्र को भी बचा ले।"

**"Well if there ............................................................. Dr Yoetz said." (Page-83)**

"ठीक है, यदि ऐसा कोई व्यक्ति है तो मैं उससे यहाँ आने और हमारे पुत्र का इलाज करने की प्रार्थना करूँगा।" और इस प्रकार एक महान विशेषज्ञ डा. योत्ज (Dr Yoetz) से परामर्श किया गया। "मैं आने के लिए तथा आपके पुत्र की चिकित्सा करने को तैयार हूँ लेकिन तुम्हें वही करना होगा जैसा मैं कहूँ चाहे यह कितना ही मूर्खतापूर्ण लगे। यदि आप इस सब के लिए सहमत हो तब मैं आपके साथ आऊंगा", डा. योत्ज ने कहा!

**Kadish found ............................................................. make a funeral ? (Page-83)**

कादिश को यह बहुत अजीब लगा लेकिन सोचा, "यदि यह आदमी मेरे बच्चे को बचा दे तो उसके आदेशों का पालन करने में क्या हानि है?" वह (कादिश) खुशी-खुशी सहमत हो गया और डा. योत्ज को अपने घर ले आया। जैसा कि उसे बताया गया था उसने वैसा ही

पाया तथा अत्जेल की दयनीय अवस्था पर एक नजर डालते हुए उसने (डा. योत्ज ने) उसके माता-पिता से कहा, "तुम एक मृत शरीर को अपने घर में क्यों रखे हुए हो ? तुम इसका अन्तिम संस्कार क्यों नहीं कर देते हो ?"

**Atzel's mother .............................................................. Kadish requested. (Page-83-84)**
अत्जेल की माँ तो लगभग बेहोश हो गयी तथा कादिश हक्का बक्का रह गया लेकिन उसे चिकित्सक की शर्त का ध्यान था। "हाँ श्रीमान, मैं ऐसा अवश्य करूँगा।" उसकी माँ उलझन और अचरज में पड़ गयी और हकलाते हुए बोली, "क्या तुम जानते हो इसका क्या अर्थ है ? तुम अपने ही बेटे को कैसे दफन कर सकते हो जो मरा नहीं है लेकिन वह ऐसा सोचता है कि वह मर गया है ?" "कृपया मुझे वह करने दो जैसा कि वह कहता है", कादिश ने (अपनी पत्नी से) प्रार्थना की।

**On the other hand .............................................................. do my work. (Page-84-85)**
जबकि डा. योत्ज की बात सुनकर अत्जेल बहुत ज्यादा प्रसन्न था। उसने प्रसन्नतापूर्वक कहा, "देखा, मैं अपनी जगह ठीक था। मैं मृत हूँ"। अन्तिम संस्कार के लिए तैयारियाँ की गयी। डा. योत्जे, कादिश के समीप आया और बोला, "तुम एक कमरा तैयार करो जो स्वर्ग जैसा लगना चाहिये। दीवारें सफेद चमकदार कपड़े से सजी हों, खिड़कियाँ बन्द होनी चाहिए तथा उनके पर्दे खिचे होने चाहिये जिससे सूर्य का प्रकाश कमरे के अन्दर न आए। उसके पश्चात् मोमबत्तियों की व्यवस्था करनी है जो दिन-रात जलें" "मैं अभी व्यवस्था कर दूँगा", घबराहट और हैरानी से पूर्ण कादिश ने कहा।" इसके अतिरिक्त तुम्हारे सेवकों को भी सफेद कपड़े पहनने हैं जिनके पीछे पंख लगे हो और हाँ, वे सभी देवदूतों की तरह बर्ताव करेंगे।" (डा. योत्ज ने कहा) !"क्या आप सोचते हैं कि इस सबसे वह ठीक हो जाएगा", कादिश ने सन्देहपूर्वक पूछा। डा. योत्ज ने उसे पीठ पर थपथपाया और विश्वास देते हुए कहा, "मैं (यह) तुम से वादा करता हूँ कि तुम्हारा बेटा जीवित होने के लिये धन्यवाद देता हुआ उस कमरे से बाहर निकलेगा। अब मुझे मेरा काम करने दो।"

**Atzel was placed .............................................................. servant replied. (Page-85)**
डा. योत्ज के निर्देशानुसार अत्जेल को एक ताबूत के अन्दर रखा गया, तत्पश्चात् मृतक संस्कार की रस्म पूरी की गयी। शीघ्र ही अत्जेल सो गया। जैसे ही वह गहरी नींद में सोया, उसे दूसरे कमरे में ले जाया गया। जब वह जागा (तो) उसने पूछा, "मैं कहाँ हूँ? "स्वर्ग में, महाराज" एक पंख-युक्त सेवक ने उत्तर दिया।

**I am terribly .............................................................. Atzel enquired. (Page-86)**
"मैं बुरी तरह से भूखा हूँ" अत्जेल ने कहा, "मैं कुछ व्हेल मछली और पवित्र शराब लेना पसन्द करुँगा।" अत्जेल ने एक अति भूखे व्यक्ति की तरह भोजन किया और तब गहरी और सुखद नींद में सो गया। जब वह जागा तब सवेरा हो गया था लेकिन (उसके लिये तो) यह मात्र रात्रि ही हो सकती थी। दरवाजे बन्द थे और मोमबत्तियाँ जल रहीं थीं। जैसे ही सेवकों ने देखा कि अत्जेल जागा हुआ है वे (अत्जेल के लिए) वही भोजन ले आये जो उसने पिछले दिन माँगा था। "क्या तुम्हारे पास कुछ दूध, कॉफी, ताजा रौल और मक्खन नहीं है ?" अत्जेल ने पूछा।

**No since we .............................................................. what shall I do now. (Page-86)**
"नहीं, क्योंकि हमें पता है आपका, सबसे प्रिय भोजन क्या है, हमें वही दिया गया है।" यह बेतुकी बात है! आखिर अब दिन का क्या समय हो रहा है ?"
"इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, स्वर्ग में समय नहीं होता, न दिन न रात, यहाँ सब समय हमेशा सुहावना रहता है" अत्जेल के पास वाद-विवाद का समय नहीं था। वह शान्तिपूर्वक बैठ गया और अपना भोजन करना प्रारम्भ कर दिया। लेकिन वास्तव में भोजन इतना स्वादिष्ट नहीं था जितना कि पहले था, जहाँ तक है उसकी भूख भी इतनी तीव्र नहीं थी जितनी कि पहले थी।
अपना भोजन करने के बाद वह खड़ा हो गया क्योंकि वह उदास हो रहा था हर समय लेटे रहते। "मैं अब क्या करूँ ?"

**In paradise .............................................................. When will my family come ?" (Page-86-87)**
"स्वर्ग में महाराज, किसी को काई काम नहीं करना होता", सेवक ने कहा। अत्जेल खड़ा हो गया और बेचैनी में टहलते हुए फर्श को घूरता रहा। "क्या में दूसरे लोगों से मिलने नहीं जा सकता ?" "यहाँ कोई और आदमी नहीं हैं और यदि आप अन्य महापुरुषों के निवास स्थान के बार में कह रहे हो तो वे यहाँ से बहुत दूर हैं। इसके अतिरिक्त (यहाँ) स्वर्ग में कोई किसी से मिलने नहीं जाता।" अब अत्जेल स्वर्ग में रहना नहीं चाहता था यद्यपि उसके पास न कोई कार्य था, न कोई उत्तरदायित्व (जिम्मेदारी) थी और अपना सबसे प्रिय भोजन प्राप्त था। उसे अपने परिवार की याद आने लगी। "मेरा परिवार (मुझसे मिलने) कब आयेगा ?"

**"Your parents still ............................................................ a handsome man." (Page-87)**

"आपके माता पिता अभी 20 से 25 साल और जीवित रहेंगे और जीवित व्यक्ति यहाँ नहीं आ सकते।"

"मेरी इच्छा है" उसने कहा, "मैं उनसे मिल पाता।"

"मुझे खेद है महाराज लेकिन ऐसी व्यवस्था नहीं हो सकती।"

"अक्साह कब आयेगी ?"

"लगभग 50 वर्ष पश्चात्"। अब अत्जेल वास्तव में दु:खी था।

"इन दिनों वह क्या कर रही है ?"

"ठीक इस वक्त वह शोक मना रही है लेकिन जल्दी या देर से, वह तुम्हारे विषय में भूल जाएगी और किसी सुन्दर व्यक्ति से विवाह कर लेगी।"

**All this information ............................................................ sadder day by day. (Page-88)**

इन सब बातों ने अत्जेल को और अधिक परेशान कर दिया। जीवन में पहली बार उसे कुछ काम करने की इच्छा हुई लेकिन उसके पास करने को कुछ न था। उसे अपने पिता की याद आई, अपनी माँ की याद आई और अक्साह के लिये ललक पैदा हुई। धीरे-धीरे जैसे-जैसे समय व्यतीत हुआ, वह सुस्त और दु:खी हो गया। एक सेवक के पूछने पर वह अपने दु:ख (अवसाद) को न छुपा सका।

"तुम इतने दु:खी क्यों प्रतीत होते हो, महाराज ?"

"मेरी इच्छा है कि मेरे पास करने को कुछ काम हो।"

"जो तुमने हमेशा इच्छा रखी थी कि तुम स्वर्ग में हो और यहाँ कोई भी व्यक्ति सिर्फ आराम कर सकता है।"

"लेकिन कब तक ?" यह सब कब समाप्त होगा ?"

"(यह सब) हमेशा रहेगा, महाराज।"

"हमेशा ! इससे तो अच्छा है मैं अपने आप को मार लूँ", उसने दु:ख और निराशापूर्वक कहा।

"एक मृत व्यक्ति स्वयं को नहीं मार सकता।" (इस प्रकार) अत्जेल दिन प्रतिदिन दु:खी होता चला गया।

**On the eighth day ............................................................ and grand children." (Page-88)**

आठवें दिन, जब अत्जेल सर्वाधिक निराश (दु:खी) था, एक देवदूत उसके पास आया और योजना के अनुसार बोला, "महाराज एक बड़ी भयानक गलती हो गयी है। तुम्हारे पास अभी भी जीने के लिए लम्बा जीवन शेष है। तुम्हें स्वर्ग को छोड़ना होगा।" अत्जेल खुशी से कूद पड़ा। सेवकों ने उसकी आँखों पर पट्टी बाँधी और उस कमरे में ले गये जहाँ उसके माँ बाप और अक्साह प्रतीक्षारत थे, और तब उसकी आँखें खोल दी।

उसने प्रसन्नता पूर्वक अपने माता-पिता और अक्साह का आलिंगन किया और चूमा। शीघ्र ही उनकी शादी हो गयी। विवाह के पश्चात् अत्जेल को पता चला कि किस प्रकार डा. योत्ज ने उसका इलाज किया और उसने मूर्खों के स्वर्ग में निवास किया था। आने वाले वर्षों में वह (अत्जेल) और अक्साह अपने बच्चों और नाती पोतों को डा. योत्ज के विचित्र इलाज की कहानी अक्सर सुनाते थे।

**Difficult words :** palatial = महल जैसा, orphan = अनाथ, escape = बचना, malady = बीमारी, bewilder = हक्का बक्का होना, slumber = गहरी नींद, despair = निराशा, miserable = दु:खी, finicky = मूर्खतापूर्ण, dwelling = निवास स्थान।

## Answers :

**Try Your Knowledge**

**A. Answer the following questions**

1. Aztel was lazy by nature and did not like to work at all. This was his sickness.
2. Aksah was an orphan girl who lived in Atzel's house and was looked after by his parents- Kadish and his wife. Everyone believed that when they grew up, they would marry each other.
3. Aztel was lazy by nature and wanted to escape his responsibility towards his family. He had an old nurse with whom he spent time during his childhood. She used to tell him stories of paradise, stating that people only ate and slept at that place and there was no need to work over there. Soon, Aztel became obsessed with the idea of living in paradise and he wished to go there.

4. Atzel was happy because the doctor who visited declared him dead and instructed his family members to arrange a funeral for him. This is what Atzel wanted because only then he could be able to go to paradise.
5. Dr. Yoetz instructed that Atzel should be placed in a coffin and later shift him in a chamber which looked like paradise. He asked his servants to play the role of winged angels so that Atzel would feel that he was really in paradise. On the eighth day, Atzel got very bored living in paradise as he could not do what he wanted and neither could he meet his parents and Aksah. After that, his servants blindfolded him and brought him back to the room where his parents and Aksah were waiting. Joyfully, Atzel embraced and kissed his parents and Aksah. In this way, he was cured.
6. Atzel was sad in paradise as he became bored lying down all the time, he had no people to talk to and he missed his family very much. When he asked about Aksah, he was told that after a few years she would marry a handsome man and settle down in life. All this upset Atzel even further.

**B. Who said to whom?**

1. Atzel said to other people
2. Atzel's mother said to her husband Kadish
3. Dr. Yoetz said to Kadish
4. Aztel's mother said to her husband Kadish
5. The winged angels (in fact, Atzel's servants) said to Atzel
6. Aztel said to himself

**C. Write true or false for the following**

1- False, 2- True, 3- False, 4- False

**D. Choose the correct options**

1- b, 2- a, 3- c

**Vocabulary**

**A. Find words from the lesson which have the following meanings**

1- orphan, 2- palatial house, 3- strange, 4- despair, 5- bewildered, 6- appetite

**B. Fill in the blanks with rhyming words**

1- Purse, 2- Mill, 3- Mouse, 4- Kiss, 5- Crow, 6- Wife, 7- Might, 8- Live, 9- Lie, 10- Toy

**C. Fill in the missing letters to complete these words**

1- orphan, 2- request, 3- together, 4- paradise, 5- business, 6- favourite, 7- window, 8- responsibility, 9- miserable, 10- bewildered

**Grammar Zone**

**A. Given below are two nouns. Form their adjectives.**

1- facial, 2- racial

**Fill in the blanks with words which describe persons and things**

1. a cloudy sky
2. a windy day
3. a dusty road
4. a careful driver
5. a costly dress

**B. Write the opposite of the following**

1- hell, 2- remember, 3- entertained, 4- uncapable, 5- rejoiceing, 6- disagree

**C. One word has been spelt wrongly in each sentence. Identify and underline it. Then write the correct words in the blanks.**

1- bevildered : bewildered, 2- Arangements : Arrangements, 3- ravenusly : ravenously, 4- favorite : favourite, 5- terribel : terrible, 6- mariage : marriage, 7- physisians : physicians

**Let's Write**

Students are requested to perform this activity themselves.

## Lesson-12 Silver (चाँदी या चाँदनी)

**Slowly silenty ............................................................ silver tree. (Page-94)**
धीरे से, चुपके से, अब चाँदनी
रात में चलती है अपने चाँदी के जूतों में
इस रास्ते और उस रास्ते वह ध्यान से देखती है
चाँदी जैसे पेड़ों पर (लगे) चाँदी जैसे फलों को!

**One by one ............................................................ breasts peep. (Page-94)**
एक-एक करके खिड़की दरवाजे पकड़ते (प्राप्त करते) हैं
उसकी (चाँदनी की) किरणों को चाँदनी जैसी घास-फूँस की छतों के नीचे,
उकडू बैठा हुआ अपनी खंदक में जैसे कोई लठ्ठा
चाँदी जैसे पंजों से युक्त सोता है कोई कुत्ता
अपने छायायुक्त आश्रय स्थलों से
सफेद रंग का आगे का हिस्सा (किसी पक्षी का) झाँकता है।

**Of the doves ............................................................ silver stream. (Page-95)**
(जैसे) चाँदी जैसे पंखों वाले कबूतर सोते हैं
(अथवा) पूर्ण विकसित एक चूहा इधर उधर घूमता है
चाँदी जैसे पंजों और चाँदी जैसी आँखों के साथ
और मानो कोई गतिरहित मछली पानी में चमकती हो
चाँदी जैसी पानी की धारा में चाँदी जैसे सरकंडों की तरह।

**Difficult words :** silently = चुपचाप, आवाज-रहित, shoon = जूता, peer = निहारना, thatch = छप्पर, casement = खिड़की, gleam = प्रकाश किरणपुंज।

### Answers :

**Poem Comprehension**

1. As it is night time and the moon is shining in the sky, everything looks like silver in its light.
2. Fruits, trees, thatch, dog's paws, doves' chest and feathers, mouse's claws and eyes, fish, reeds- are the things which become silvery.
3. The harvest mouse's eyes turn silvery in the light of the moon.
4. List of words with 's' sound- slowly, silently, silver, shoon, silvery, sleeps, shadowy, sleep, scampering, stream.

**B. Complete the lines**

1. One by one the casements catch
   Her beams beneath the silvery thatch;

**2. A harvest mouse goes scampering by,**
With silver claws and silver eye;

**Vocabulary**

**A. Complete each sentence with the word 'Affect' or 'Effect'**
1- effect, 2- effect, 3- effect, 4- affect, 5- affect

**B. Write down words that have the opposite meaning**
1- interested, 2- pass, 3- confronted, 4- farther, 5- common, 6- part, 7- hinder, 8- exclusive

**Let's Write and Activity**

The students are requested to perform these activities themselves.

## Lesson-13 The Vain Stag (घमण्डी हिरन)

**It was a ............................................................ admiringly. (Page-98)**

यह गरमी के मौसम का एक सुहावना दिन था। जंगल में एक हिरन घूम रहा था। वह प्यासा था। उसने स्वच्छ और शान्त पानी से भरा एक तालाब देखा। वह अपनी प्यास बुझाने तालाब पर गया। जैसे ही उसने तालाब से पानी पीने के लिये अपना सिर नीचे झुकाया, उसने पानी में अपनी परछाँई देखी। उसने अपने प्रतिबिम्ब को बड़े गर्व से देखा।

**"I am really ............................................................ he could not. (Page-99)**

"मैं वास्तव में सुन्दर हूँ" हिरन ने स्वयं से कहा, "मेरे सींग कितने सुन्दर हैं। वे लम्बे और सुहावने हैं। मुझे उन पर गर्व होना चाहिए। काश मेरी लम्बी-पतली-सी टाँगे और छोटे-से पंजे भी ऐसे सुन्दर होते जैसे मेरे सींग हैं। मैं अपनी इन भद्दी टाँगों पर शर्मिन्दा हूँ। काश, मेरे राजमुकुट से सींगों को धारण करने वाली मेरी टाँगे भी सुन्दर होतीं तो कितना अधिक अच्छा होता।" इन विचारों में मग्न वह पानी पीना ही भूल गया। इसी समय उसने (कुछ) शिकारियों एवं उसने शिकारी कुत्तों की आवाजें सुनी। वह अपनी जिंदगी बचाने के लिये भागा। कुत्ते और शिकारी उसके पीछे भागे।

शीघ्र ही उसकी टाँगों ने उसे सुरक्षित स्थान पर पहुँचा दिया। वह अपनी टाँगों और पंजों का बड़ा आभारी हुआ।

जैसे ही वह खतरे से बाहर हुआ, वह पुन: तालाब वाली अपनी परछाँई (प्रतिबिम्ब) के बारे में सोचने लगा। वह इन घमण्डी विचारों में इतना खो गया कि उसे पता ही नहीं चला कि उसके सींग घनी झाड़ियों में उलझ गये हैं। उसने स्वयं को मुक्त करने का प्रयास किया लेकिन दु:ख की बात है, वह अपने को (मुक्त) न कर सका।

**He had admired ............................................................ is not gold. (Page-100)**

वह तालाब पर अपने सींगों की बहुत प्रशंसा कर चुका था। लेकिन अब उन्होंने उसे ऐसे विकट संकट में डाल दिया था।

पुन: उसे शिकारियों का आभास हुआ। उसने स्वयं को (उस झाड़ी से) मुक्त करने का प्रयत्न किया, लेकिन उसके सुन्दर सींगों ने उसकी कोई सहायता नहीं की।

शिकारियों का तीर निशाने पर लगा। हिरन को अपनी टाँगों के प्रति किये गये व्यहार के लिये बड़ा खेद हुआ जो कि उसके लिये उपयोगी थीं और जिनसे उसने हमेशा घृणा की। उसने महसूस किया कि उसका स्वयं का घमण्ड (व्यर्थ की सोच) ही उसकी असामयिक मृत्यु के लिये उत्तरदायी था।

इस कहानी का आशय है—चमकीली हर वस्तु सोना नहीं होती अर्थात् हर सुन्दर चीज उपयोगी नहीं होती।

**Difficult words :** stag = पुरुष हिरन (बारह सिंगा), wander = इधर-उधर घूमना, quench = प्यास बुझाना, reflection = प्रतिबिम्ब, antlers = हिरन के सींग, vain = घमंण्ड, hounds = शिकारी कुत्ते, spindly = लम्बी और पतली।

### Answers :

**Try Your Knowledge**

**A. Answer the following questions**

1. On a beautiful summer day, a stag was wandering in the forest. He was feeling thirsty. As he saw a pool of clear and still water, he walked up to the pool.
2. When the stag was observing his reflection in the pool, he heard the sound of hunters and hounds approaching.
3. His legs were useful to him because his legs carried him to a place of safety from hunters and hounds.
4. About his appearance, the stag observed that he was really handsome. He admired his long and beautiful antlers and was ashamed of his spindly and ugly legs and tiny feet. He wished if he had more beautiful legs.
5. We learn from the story that all that glitters is not gold. We should not run after beauty. It is the utility of things that matter more.
6. Antlers did not prove to be useful to the stag because they got entangled in the thick bush and he was unable to free them.

7. As the stag's antlers got entangled in the bush and he could not free them, he suddenly smelt the presence of the hunter again. The hunter's arrow struck on the stag and hence he was killed.

**B. Write true or false for the following**

1- True, 2- False, 3- True, 4- True, 5- False

**C. Choose the correct options**

1- c, 2- a, 3- a, 4- b

**Vocabulary**

Fill in the blanks with a vocabulary word from the word box

1- arrive, 2- explain, 3- island, 4- woke, 5- trade, 6- arm, 7- pair, 8- stream, 8- laid

**B. Write one word for the following sentences or phrases from the story**

1- wandering, 2- spindly, 3- alert, 4- vain, 5- followed, 6- reflection, 7- entangled

**Grammar Zone**

**A. Re-write each sentence below and add a conjunction (and, or, but) to complete the sentences correctly**

1- and, 2- or, 3- but, 4- and, 5- and, 6- and

**C. For each metaphor given below, write what you think it means**

1. There is hope in a situation that might seem impossible.
2. Ideas that might be beyond us.
3. It refers to something or someone that one cherishes above all others.
4. It means that the person is very brave and has immense power in him to deal with the external forces against him.

**Let's Write**

Students are requested to perform this activity themselves.

## Lesson-14 Surya's Magic Pot (सूर्य का जादुई वर्तन)

**When Yudhishthir ............................................................ troubles as well. (Page-107)**

जब युधिष्ठिर पासों के खेल (जुआ) को हार गया तो उसे अपने भाईयों और पत्नी के साथ बारह वर्षों के लिए वन को जाना पड़ा। युधिष्ठिर के भाई ही नहीं बल्कि राज्य की समस्त प्रजा उससे बहुत प्रेम और उसका बहुत सम्मान करती थी। जब वह अपने भाईयों के साथ जंगल को जाने लगा तो उन सभी के पीछे सैकड़ों ब्राह्मण और ईश्वर भक्त भी जाने लगे जिन्होंने अपनी यह इच्छा व्यक्त की, कि वे भी उनके वनवास और कष्टों में भागीदार बनेंगे।

**Yudhishthir requested ............................................................ before retiring. (Page-108)**

युधिष्ठिर ने उनसे पीछे न आने की प्रार्थना की लेकिन उन्होंने उनके (पाण्डवों के) साथ चलने की जिद की। इस प्रकार वे सब सूर्यास्त तक साथ-साथ चलते रहे। प्रत्येक थका हुआ और दु:खी था इसलिये किसी को रात्रि के भोजन के बारे में विचार नहीं आया और वे सब गंगा के किनारे एक बरगद के पेड़ के नीचे गहरी नींद में सो गये जहाँ सब विश्राम करने से पूर्व शौचादि से निवृत्त हुए।

**Next morning ............................................................ recite respectfull. (Page-108)**

अगली सुबह अरुणोदय होने पर युधिष्ठिर जागा और देखा कि सभी ब्राह्मण अब भी वहाँ थे। "इसका अर्थ है कि वे हर परिस्थिति में हमारे साथ रहना चाहते हैं" उसने सोचा "चाहे यह कष्ट या दु:ख हो"। एक तरफ इस विचार ने उसे खुशी प्रदान की कि उसके इतने अच्छे प्रेमी (हितैषी) हैं वहीं दूसरी तरफ उसे बड़ी बेचैनी महसूस हुई। उसे चिन्ता हुई कि वह इतने सब लोगों का पालन-पोषण कैसे करेगा। "हम इतने लोगों को भोजन कैसे प्रदान कर पाएंगे?" उसने इस प्रकरण पर अपने भाइयों से विचार विमर्श किया। "यह तो वास्तव में बड़ी कठिन स्थिति है। शीघ्र ही ये सब जाग जाएंगे। हमारे पास कुछ भी नहीं है, हमें नहीं पता कि हम स्वयं अपना पेट किस प्रकार भरेंगे, फिर इतने लोगों का (क्या) होगा।" उनकी इस धीमी परन्तु चिन्ताजनक बातचीत ने उनके कुल पुरोहित धौम्य को जगा दिया। उसने प्रेरक मुस्कुराहट के साथ कहा, "मुझे तुम्हारी परेशानी का पता है लेकिन इतने चिन्तित मत होओ, मैं जानता हूँ (कि) क्या करने की आवश्यकता है"। "जैसे कि आपने हमेशा हमारी सहायता और मार्ग दर्शन किया है श्रीमान्" द्रौपदी ने सम्मान पूर्वक झुकते हुए कहा।

"ईश्वर तुम्हारा कल्याण करे, द्रौपदी, मैं आपके पति युधिष्ठिर को सूर्य उपासना के कुछ मन्त्र बताऊँगा जिन्हें उसको श्रद्धापूर्वक जपना होगा।

**Once Surya .............................................................. instructed Dhaumya. (Page-109)**
एक बार सूर्य उनकी प्रार्थना स्वीकार कर ले (तो) सब ठीक हो जायेगा। तब उन्होंने युधिष्ठिर को कुछ मन्त्र और प्रक्रिया सिखाई जिन्हें करना था, तथा जिनको युधिष्ठिर ने थोड़े से समय में ही याद कर लिया। अब तक सूर्य ने आकाश को प्रकाशित करना प्रारम्भ कर दिया था। "अब तुम्हें (यह सब करने के लिये) उनके जागने से पूर्व जाना चाहिए" धौम्य ने निर्देश दिया।

**He said to .............................................................. pot of Surya. (Page-109-110)**
उसने (सूर्य ने) उससे (युधिष्ठिर से) कहा, "इन जादुई शब्दों को याद कर लो और तब तुम जो भी भोजन चाहोगे, यह बर्तन उसी (प्रकार के भोजन) से भर जाएगा।" और उसने जादुई शब्द उसके कानों में कहे। तत्पश्चात् द्रोपदी ने इस जादुई वर्तन की सहायता से सभी लोगों को भोजन कराया। अब पाण्डव प्रसन्न थे। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता था कि कितने आदमी हैं, जब तक द्रोपदी भोजन न कर ले, जादुई बर्तन भोजन से भरा रहता था। बाद में युधिष्ठिर ने भक्तों के समूह से प्रार्थना की, "श्रीमान्, कृपया अब और अधिक आप हमारे पीछे मत चलो क्योंकि जो कुछ भी कष्ट आप हमारे साथ उठाओगे उसके लिये हम ही उत्तरदायी होंगे और तब हमें उसका प्रतिफल भुगतना पड़ेगा। मुझे विश्वास है कि आपमें से कोई भी हमारे कष्टों को और अधिक बढ़ाना नहीं चाहेगा।" उन लोगों ने तब पाण्डवों को आशीर्वाद दिया और अपनी आँखों में आँसू लिये अनिच्छापूर्वक नगर को चल दिए।
जब वे राजधानी में पहुँचे तो उन्होंने उस जादुई बर्तन के बारे में सबको बताया। इसलिए, कौरवों को भी इसके बारे में पता लग गया, इस प्रकार जो कोई भी पाण्डवों से मिलने गया, वह कभी भी जादुई बर्तन के कारण भूखा नहीं लौटा।

**Difficult words :** dice = जुए के पासे, revered = सम्मान से व्यवहार करना, ascetics = ईश्वर भक्त, conversation = वार्तालाप, perplexed = द्विविधा ग्रस्त, चिन्तित, rituals = पवित्र क्रिया, overwhelmed = अति प्रसन्न।

## Answers :

**Try Your Knowledge**

**A. Answer the following questions**

1. When Yudhishthir lost in the game of dice, he had to go and live in exile with his brothers and wife for a period of twelve years.
2. When the Pandavas left for the forest, they were followed by hundreds of Brahmins who expressed their wish to share their exile as well as their troubles.
3. On one hand, Yudhishthir was overwhelmed that he had such a good following, and on the other hand, it made him anxious. He worried how he would take care of all of them. How he would be able to feed so many people.
4. Dhaumya, the family priest of Yudhishthir, taught him to worship Surya so that he could provide food to a large number of Brahmins who followed him in exile.
5. Surya provided food to Yudhishthir. Whenever he spoke certain magic words, the pot used to become filled with whatever food he asked for.
6. When Yudhishthir sent the Brahmins back to the capital city, they told about the magic pot to everyone. So, the Kauravas also came to know about it.

**B. Who said to whom?**

1. Draupadi said to Dhaumya- the family priest.
2. Yudhishthir said to his brothers.
5. Yudhishthir said to the crowd of ascetics

**C. Write true or false for the following**

1- True, 2- False, 3- False, 4- False, 5- True

**D. Choose the correct options**

1- b, 2- a and b, 3- d

**Vocabulary**

**A. Find words from the lesson which have the same meanings**

1- overwhelmed, 2- rituals, 3- meditated, 4- radiance, 5- conversation

**B. Fill the missing letters to complete the spellings**

1- ascetics, 2- anxious, 3- certain, 4- trouble, 6- magical, 7- problem, 8- vanished

**C. Fill in the circle next to the correct definition of the underlined word in each sentence**

1- d, 2- a, 3- b, 4- c, 5- b, 6- c, 7- a, 8- d, 9- c, 10- a

**Grammar Zone**

**A. Form words with 'over' and use them to fill up the blanks**

1- overtime, 2- overcrowded, 3- Overeating, 4- overland, 5- overnight, 6- oversight, 7- overhead, 8- overweight

**B. Using the 'ing' form fill up the blanks.**

1- caring, 2- howling, 3- frightening, 4- boiling

**C. Underline each noun in the story.**

Chinay, calculator, high school, teacher, crayon

**D. Circle each sentence below**

2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11 are sentences

**Let's Write**

Students are requested to perform this activity themselves.

## Lesson-15 Stopping By the Woods (जंगल में ठहरना)

**Whose woods ............................................................ fill up with snow. (Page-118)**

जिसके ये पेड़ हैं उसे मैं जानता हूँ,
उसका घर घाटी में है, यद्यपि;
वह मुझे यहाँ ठहरता हुआ न देखेगा
बर्फ से ढके उसके इन पेड़ों को देखने के लिए।

**My little horse ............................................................ of the year. (Page-118)**

मेरा नन्हा सा घोड़ा सोचेगा इसे अजीब (घटना)
बिना किसी घर के नजदीक होते हुए यहाँ रुकना
जंगल के पेडों और जमी हुई झील के बीच में
वर्ष की सबसे अँधेरी शाम (रात) को।

**He gives his ............................................................ downy flake. (Page-118)**

उसने अपनी साज से बँधी घण्टियों को हिलाया (एक झटका दिया)
यह पूछने के लिये कि कहीं हम गलती तो नही कर रहे हैं
दूसरी ध्वनि तो केवल थी बहने की
धीमी हवा की और जमी हुई पपड़ी की

**The woods are ............................................................ I sleep. (Page-119)**

जंगल (के पेड़) थे सुन्दर, गहरे (मन मोहक)
लेकिन मैं तो वचन दे चुका हूँ
सोने से पहले मीलों चलने का
सोने से पहले मीलों चलने का।

**Difficult words :** queer = अजीव, असामान्य, frozen = जमी हुई, harness = साज या फीते (घोडे पर लगे हुए), downy = गिरते हुए/ रोएँदार, flake = पपड़ी।

## Answers :

**Try Your Knowledge**

**A. Answer the following questions**

1. The poet stopped in the woods to watch them filled up with snow.
2. The poet stopped between the woods and the frozen lake.
3. He gives his harness bells a shake as a signal for mistake.
4. The sweep of blowing wind and downy flakes are other sounds there in the woods.

**B. Complete the lines of the poem**

1- stopping, snow, 2- queer, farmhouse, 3- harness, mistake, 4- promises, miles

**C. Match the rhyming words**

1- know : snow, 2- near : year, 3- shake : mistake, 4- keep : sleep

●